रोहतक
रविवार, 25 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 114
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.0
न्यून. 23.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 'शुभ आरंभ' : सुदर्शन-अर्शदीप नए चेहरे, नायर व शार्दुल की वापसी, तीन अनुभवी और 15 को मौका





## आईपीएल में आज



गुजरात V/S चेन्नई
समय : 3.30 PM
स्थान : अहमदाबाद

हैदराबाद V/S कोलकाता
समय : 7.30 PM
स्थान : दिल्ली

## खबर संक्षेप



### हेमकुंड साहिब के लिए सिख तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**चमोली।** पंच प्यारों के नेतृत्व में सिख श्रद्धालुओं के पहले जत्थे ने 2025 की तीर्थयात्रा के लिए श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू कर दी है। चमोली पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जत्था निशान साहिब (पवित्र ध्वज) को पूरी पुलिस सुरक्षा के साथ लेकर रवाना हुआ। हेमकुंड साहिब के पट 25 मई को खुल रहे हैं। यात्रा के लिए अब तक 60,000 श्रद्धालुओं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। एजेंसी

### चंडोक यूएस से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ धोखाधड़ी में वांछित अंगद सिंह चंडोक को सीबीआई द्वारा एक समन्वित अभियान के तहत अमेरिका से प्रत्यर्पित कर लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि चंडोक को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां सीबीआई ने उसे हिरासत में लिया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। चंडोक को विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भाषा

### बांग्लादेश के प्रमुख बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे। उनके मंत्रिमंडल के एक सलाहकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। दो दिन पहले यूनुस के एक प्रमुख सहयोगी ने कहा था कि वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। सलाहकार परिषद की एक गैर-निर्धारित बैठक के बाद योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने संवाददाताओं से कहा, उन्होंने (यूनुस) यह नहीं कहा था कि वह पद छोड़ देंगे। हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाएं आ रही हैं। भाषा

### बेलगावी में मठ प्रमुख पोक्सो केस में गिरफ्तार

**बेलगावी।** बेलगावी में एक मठ के प्रमुख को नाबालिग लड़की के अपहरण करने और उसके साथ रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रायबाग तालुका के मेकाली गांव में रामलिंग मठ के हठयोगी लोकेश्वर स्वामी को पोक्सो और अपहरण के मामलों के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। पीड़िता को उसके परिवार द्वारा मठ में ले जाया गया था, क्योंकि कुछ रिश्तेदारों ने सुझाव दिया था कि स्वामी उसकी बीमारी व समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। एजेंसी

## आईएमडी का दावा, 25 से 30 जून तक हरियाणा पहुंचेंगे बदरा

# 16 साल में पहली बार 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून

*8 जुलाई तक पूरे देश को कवर करेगा*
*17 सितंबर के आसपास वापसी*

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ है जब मानसून इतनी जल्दी आया है। वर्ष 2009 में मानसून 9 दिन पहले 23 मई को पहुंचा था। वहीं, पिछले साल 30 मई को दस्तक थी। मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा और शनिवार को केरल तट से टकरा गया। केरल के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों, जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। वहीं, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में 25 से 30 जून तक पहुंचने की संभावना है।

### 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है मानसून

#### इस बार सामान्य रहेगा मानसून

आईएमडी के अनुसार इस साल मानसून सामान्य रहेगा। इससे फसलों का अच्छा उत्पादन होने की संभावना बन रही है। किसानों को लाभ होगा। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून महत्वपूर्ण है। कृषि क्षेत्र लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी की आजीविका में सहयोग प्रदान करता है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में 18.2 प्रतिशत का योगदान देता है। आईएमडी ने 2025 के लिए सामान्य से 105% अधिक बारिश का अनुमान लगाया है, जो खरीफ फसलों जैसे धान, मक्का, और कपास के लिए अच्छी खबर है। समय पर और पर्याप्त बारिश जलाशयों को भरने और पनबिजली उत्पादन के लिए भी महत्वपूर्ण है।



#### कब-कहां पहुंचेगा मॉनसून

- **केरल और दक्षिण भारत :** मॉनसून ने 24 मई को केरल में एंट्री कर ली है। 29 मई से 1 जून तक, यह कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों और गोवा तक पहुंचेगा। आईएमडी ने पहले ही इन राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।
- **मध्य भारत :** जून के पहले सप्ताह (5-7 जून) तक मॉनसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, और त्रिपुरा में सक्रिय हो जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, और ओडिशा में मॉनसून 10-15 जून तक पहुंचने की उम्मीद है।
- **उत्तर भारत :** आईएमडी के अनुमान के अनुसार, मॉनसून 25-30 जून तक उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, और राजस्थान में पहुंचेगा। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में भी इसी दौरान मॉनसून की बारिश शुरू होगी।

*भीषण गर्मी के आसार कम*

### प्रदेश में नौतपा की शुरूआत आज से, 3 जून तक असर

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** सूर्यदेव जब ज्येष्ठ माह में रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो धरती पर गर्मी चरम पर पहुंच जाती है। इस समय को नौतपा कहा जाता है। इस बार 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। यह अवधि नौ दिन तक चलती है। रविवार सुबह 3:27 बजे सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही नौतपा की शुरूआत हो जाएगी। इस बार 9 की बजाय सूर्यदेव 14 दिन इसी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे। 8 जून को सूर्यदेव के मृगाशिरा नक्षत्र में जाएंगे, जिसके साथ ही नौतपा खत्म हो जाएगा। नौतपा का सर्वाधिक असर 3 जून तक रहेगा। सूर्य के पृथ्वी के करीब आने के कारण 9 दिनों में भारी गर्मी पड़ने की संभावना रहती है, परंतु इस बार मौसम में बदलाव के कारण नौतपा में अपेक्षा के अनुरूप गर्मी पड़ने के आसार कम हैं। कमजोर विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। इसलिए इस बार नौतपा में बारिश होगी। जिससे भीषण गर्मी की संभावनाएं कम हैं।



हिमाचल में भारी बारिश से गाड़ियां बहीं, पंजाब में दो की मौत

### प्रदेश में आंधी-बारिश से पेड़ पोल गिरे, कई क्षेत्रों में ब्लैकआउट

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** हरियाणा में दिनभर गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम में बदलाव आ गया। इसके बाद रात होते-होते प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तेज आंधी चली और बारिश हुई। वहीं, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश और आंधी ने तबाही मचाई। पंजाब में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि हिमाचल में बारिश के कारण सड़कों पर खड़ी गाड़ियां बह गई। हरियाणा के कई जिलों में अंधड़ के कारण पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। इसके कारण कई जिलों में ब्लैकआउट हो गया। लोगों को भारी परेशानियों का समना करना पड़ा। सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुए। देर रात हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, जींद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, रोहतक, करनाल, झज्जर और सिरसा में आंधी चली और बारिश हुई।

#### मौसम विभाग ने जारी किया था अलर्ट

मौसम विभाग आईएमडी ने शनिवार को हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस दौरान 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका जताई थी।

#### पाक से उठा तूफान

मौसम विभाग का कहना है कि हरियाणा और पंजाब में पाकिस्तान से तूफान आया है। यह तूफान पाकिस्तान से उठा और पंजाब में प्रवेश कर गया। हरियाणा में जो हवाएं पहुंची हैं, वह पाकिस्तान से उठने के बाद राजस्थान से होते हुए यहां तक आईं।

**नई नियुक्ति**

### प्रो. दिनेश होंगे श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के वीसी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रोफेसर दिनेश कुमार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के नए कुलपति होंगे। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय द्वारा उनकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इससे पूर्व दो बार गुरुग्राम यूनिवर्सिटी और एक बार वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति रह चुके प्रोफेसर दिनेश कुमार अब देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचाना दिलाना उनका प्रमुख उद्देश्य होगा। संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को क्रियान्वित करना परम सौभाग्य होगा। प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा में शिक्षा के माध्यम से कौशल विकास को आंदोलन का रूप देना उनका उद्देश्य है।



**केंद्र सरकार ने दी मंजूरी**

### इस साल भी ईपीएफ पर मिलेगा 8.25 फीसदी ब्याज

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दी है। इससे ईपीएफओ अपने सात करोड़ से अधिक अंशधारकों के भविष्य निधि पर वार्षिक ब्याज जमा कर सकेगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 28 फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को बरकरार रखने का फैसला किया था। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में दिये गये ब्याज दर के बराबर है। स्वीकृत ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की मंजूरी के लिए भेजा गया था। श्रम मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, 'वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर देने पर सहमति दे दी है और श्रम मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को ईपीएफओ को इस संबंध में सूचना दे दी है।'



**झारखंड में भीषण मुठभेड़**

### 10 लाख के इनामी पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली मार गिराए

**लातेहार (भाषा)।** झारखंड के लातेहार जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 'झारखंड जन मुक्ति परिषद' (जेजेएमपी) के शीर्ष नेता पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली मारे गए। पप्पू पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि माओवादी समूह जेजेएमपी का प्रमुख लोहरा और उसका एक अन्य सहयोगी लातेहार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस के नक्सल रोधी संयुक्त अभियान के दौरान मारे गए। पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाई एस रमेश ने कहा, 'सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने उनके शव बरामद कर लिए हैं।' लोहरा और एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है। लोहरा के अलावा मारे गए दूसरे नक्सली की पहचान अभी नहीं हो पाई है।



**कई दिनों से बीमार थे**

### अभिनेता मुकुल देव का 54 साल की उम्र में निधन

**मुंबई (भाषा)।** 'सन ऑफ सरदार', 'यमला पगला दीवाना' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में अभिनय से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता मुकुल देव (54) का निधन हो गया। उनके भाई और अभिनेता राहुल देव ने शनिवार को कहा, मेरे भाई मुकुल देव का नई दिल्ली में खराब स्वास्थ्य के कारण निधन हो गया। मुकुल के करीबी मित्र और अभिनेता विंदू दारा सिंह के अनुसार अभिनेता ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले आठ-दस दिन से अस्वस्थ थे। वह अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख रहे थे और अपनी मां के निधन के बाद से अवसाद में थे। हम 'सन ऑफ सरदार 2' के फोटोशूट के लिए मुकुल का इंतज़ार कर रहे थे, उसने हमारे फोन उठाना बंद कर दिया था।' उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम पांच बजे कर दिया गया।



**सुरक्षाबलों को सफलता**

### गुजरात बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया ढेर, कच्छ से जासूस गिरफ्तार

**कच्छ(एजेंसी)।** भारतीय सीमा में घुस रहे पाक घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह बीएसएफ ने बताया कि गुजरात के बनासकांठा में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका तो गोली चलानी पड़ी। उधर, गुजरात एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को भी अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने कच्छ सीमा के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें पाकिस्तान भेजी थीं। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने और पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भारत से अब तक 5 डेलीगेशन दुनिया के कई देशों के लिए रवाना हो चुके हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला डेलीगेशन शनिवार सुबह दिल्ली से रवाना हुआ।

■ सैन्य इलाकों की तस्वीरें पाक को भेजने का आरोप

**मंथन** नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने सभी राज्यों को दी नसीहत

# केंद्र, राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं

*इस बार बैठक का थीम विकसित भारत के लिए विकसित राज्य रहा*
*केंद्र और राज्य सरकारें आपस में बेहतर समन्वय और तालमेल बनाएं*

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार और राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मोदी नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक में कहा कि विकास की गति बढ़ाने की जरूरत है। नीति आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। नीति आयोग का शीर्ष निकाय शासी परिषद की बैठक का विषय '2047 में विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' है। मोदी ने कहा, 'विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा तो भारत विकसित होगा। यह इसके 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है।' परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। मोदी ने कहा, 'हमारा लक्ष्य हर राज्य को विकसित, हर शहर को विकसित, हर नगर पालिका को विकसित और हर गांव को विकसित बनाना होना चाहिए। अगर हम इस दिशा में काम करेंगे तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।'



#### एक पर्यटन गंतव्य विकसित करें

मोदी ने सुझाव दिया, 'राज्यों को अपने यहां सभी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप पर्यटन गंतव्य विकसित करना चाहिए।' 'एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य' का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे पर्यटन गंतव्य के रूप में आस-पास के शहरों के विकास का रास्ता साफ होगा।' भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है, ऐसे में हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। वृद्धि, नवोन्मेष व पर्यावरण अनुकूल पहल भारत के शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए।'

#### कार्यबल में महिलाओं को शामिल करें

मोदी ने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। 'हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक एकीकृत किया जा सके।' ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ पहली बड़ी बैठक है।



## खबर संक्षेप

### अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणादायक : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर ऐसी प्रतिमूर्ति थी, जिनमें मां से लेकर शासक तक का समावेश था। उन्होंने निर्विवाद व निष्पक्ष शासक के रूप में खुद को पेश करके एक मिसाल कायम की, जो सराहनीय है। स्वास्थ्य मंत्री शनिवार को झज्जर में अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित जिला संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया।

### राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती 29 मई को

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पृथ्वी राज चौहान महान योद्धा थे तथा शब्दभेदी बाण चलाने में वे निपुण थे। पृथ्वीराज चौहान व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। महाराणा प्रताप जयंती 29 मई को गांव सालवान में राज्य स्तरीय तौर पर मनाई जाएगी तथा इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शनिवार को अम्बाला के राजपूत छात्रावास में आयोजित जिला स्तरीय पृथ्वीराज चौहान जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।

### बीजेपी ने लोगों का भविष्य अंधकार में डूबोया : रामपाल

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बीजेपी सरकार द्वारा सामाजिक-आर्थिक आधार पर 10 नंबर बोनस के रूप में देकर सरकारी नौकरी पर भर्ती को कोर्ट द्वारा रद्द किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोर्ट ने यह कह कर भर्ती को रद्द किया है कि इसमें नौकरी पाने वालों की कोई गलती नहीं है बल्कि बीजेपी सरकार ने सामाजिक-आर्थिक आधार पर अतिरिक्त अंक देने वाला नियम ही गलत बनाया है। कोर्ट ने इन अंकों को अवैध ठहराया और कहा कि चयन प्रक्रिया में जानबूझ कर कमियां छोड़ी गई। रामपाल माजरा ने कहा कि भाजपा सरकार की नौकरी देने की मंशा कभी थी ही नहीं। भाजपा ने चुनाव में प्रदेश के लोगों से वादा किया था कि 2 लाख पक्की नौकरी देंगे लेकिन कोर्ट ने ही इनकी पोल खोल कर रख दी है।

### 30 मई को पहरावर में परशुराम जन्मोत्सव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल की सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है। रोहतक के पहरावर में 30 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसको लेकर ब्राह्मण समाज व 36 बिरादरी में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शनिवार को सोनीपत के गोहाना रोड स्थित ब्राह्मण भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने उपरांत बोल रहे थे।

### मंत्री राव नरबीर सिंह ने किया गुरुग्राम का दौरा

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम में आगामी मानसून सीजन के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए हरियाणा सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को नगर निगम गुरुग्राम तथा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पर्यावरण मंत्री निरंतर संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर, किए जा रहे सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा कर रहे हैं तथा स्वयं फील्ड में उतरकर उनका जायजा भी ले रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने इसी माह की शुरुआत में विभिन्न चिन्हित बिंदुओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

---

अतिरिक्त मुख्य सचिव सेहत विभाग सुधीर राजपाल ने दिखाई सख्ती

# लापरवाह और फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों पर शिकंजा, इंपैनल्ड सूची से कई बाहर किए

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार ने लापरवाही बरतने और फर्जीवाड़ा कर बिल बनाने वाले निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इस क्रम में राज्य सरकार सेहत विभाग की सूची में इंपैनल्ड कई अस्पतालों पर शिकंजा कसते हुए इन्हें सूची से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। खास बात यहां पर यह है कि इनके विरुद्ध शिकायत जिला प्रशासन से होते हुए मुख्यमंत्री राज्य सरकार तक पहुंची थी। जिसके बाद में सेहत विभाग एसीएस ने इनका पक्ष सुनने के बाद में कार्रवाई करते हुए इन्हें इंपैनल्ड सूची से बाहर कर दिया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में तीन माह के अंदर अंदर उपकरणों, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन अन्य सामान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### धोखाधड़ी को लेकर 300 से ज्यादा अस्पतालों को नोटिस, जुर्माना भी



सेहत विभाग एसीएस की ओर से सात को कारण बताओ नोटिस भेजे गए थे, लेकिन दो ने ही जवाब भेजे थे। कुरुक्षेत्र के सिद्धार्थ अस्पताल में सबसे ज्यादा संदिग्ध मरीजों के मामले मिले व केसों की जांच पड़ताल की गई। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के नियमों के हिसाब से जांच के बाद में नोटिस दिया और लगभग 2 लाख 40 हजार जुर्माना नोटिस दिया गया। अस्पताल की ओर अपील में पक्ष भी रखा गया, लेकिन एसीएस ने खारिज किया। इसके अलावा विजय हॉस्पीटल महेंद्रगढ़ में भी 40 हेराफेरी के मामले सामने आए हैं। 285 धोखाखाड़ी के मामलों के मामलों में 12 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। 40 मामलों हेराफेरी में 5 कारण नोटिस दिए थे। साथ ही जुरमाना दोनों में साढ़े चार साढ़े चार लाख की राशि की गई है। इसी तरह से अन्य अस्पतालों को लेकर भी नोटिस दिए गए और जुर्मान भी किया गया है।

#### सूची से बाहर किए अस्पताल

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की सूची में इंपैनल्ड अस्पतालों के विरुद्ध विभिन्न कारणों अनियमितता बरतने, फर्जी बिल बनाने सहित कई तरह की शिकायतें थी, कुल मिलाकर सभी अस्पतालों के विरुद्ध अलग अलग तरह की शिकायतों पर सुनवाई के बाद इन्हें इंपैनल्ड सूची से बाहर कर दिया गया है। जिन पर गाज गिरी है, इनमें सिग्नस कैथल जबकि कुरुक्षेत्र सिद्धार्थ अस्पताल, महेंद्रगढ़ का विजय अस्पताल व जींद का ज्ञानीराम मेमोरियल चैरिटेबल अस्पताल पर भी कार्रवाई हुई है। बताया गया है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव मामले में सुनवाई के बाद कार्रवाई की है, उनका कहना है कि आने वाले वक्त में भी किसी भी तरह की कोई लापरवाही, फर्जी बिल अथवा बिना भर्ती के बिल तैयार करने जैसा मामला सामने आया, तो सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

#### तीन माह में उपकरणों की कमी पूरी होगी

प्रदेशभर के अंदर जिला अस्पताल से लेकर सामान्य अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपकरणों की कमी को तीन माह के अंदर पूरा करने के लिए कहा है। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने भी इस बारे में साफ निर्देश जारी किए हैं कि अस्पतालों में जल्द से जल्द उपकरणों की कमी को दूर किया जाए। इसमें सिटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड सहित तमाम सुविधाएं तीन माह के अंदर अंदर सभी उपकरण लगाने और स्टाफ की तैनाती करने की योजना है। एसीएस सुधीर राजपाल इस पर खुद ही फोकस कर रहे हैं, जिन्होंने आला अफसरों की बैठकों में भी इस दिशा में गंभीरता से काम करने को कहा है।

#### नहीं रहेगी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी

नायब सैनी सरकार द्वारा डॉक्टरों की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। एसीएस हेल्थ सुधीर राजपाल का कहना है कि राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी नहीं रहने दी जाएगी ताकि राज्य के सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। यहां पर उल्लेखनीय है कि गत माह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांटे थे। हालांकि कुल 777 पोस्ट थीं, जिस पर आवेदन तो अच्छी खासी संख्या में मिले थे लेकिन आधे से भी कम ने ज्वाइन किया है। इसमें कुछ जहां पीजी करने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं लोगों को मनमाफिक स्टेशन नहीं मिलने के कारण ज्वाइन करने को तैयार थे।

#### दवाओं की कमी नहीं

एसीएस हेल्थ का कहना है कि राज्य के अस्पतालों में दवाओं की कोई कमी नहीं है, अधिकांश दवाईयां सभी अस्पतालों में उपलब्ध हैं। बाहर की दवाइयां लिखने व मंगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार राज्य के लोगों को दवा उपलब्ध कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।



---

हरियाणा पुलिस की सख्त कार्रवाई

# 860 आदतन नशा तस्करों को सरकारी कल्याण योजनाओं से बाहर करने की सिफारिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि 860 ऐसे आदतन नशा तस्करों को सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ न दिया जाए, जिनके खिलाफ पिछले दस वर्षों में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन या उससे अधिक मामले दर्ज हैं। यह सिफारिश नशा तस्करी को रोकने के लिए एक अतिरिक्त रोकथाम परत के रूप में की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जो लोग समाज के युवाओं को बर्बाद करते हैं, उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए। यह सख्त संदेश देना अब ज़रूरी हो गया है। हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले कुछ वर्षों में कई सख्त कदम उठाए गए हैं। पिछले तीन वर्षों में 87 कुख्यात तस्करों को एक वर्ष के लिए हिरासत में लिया गया है। 100 से अधिक नशा तस्करों की 55 करोड़ से अधिक मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। ये संपत्तियां नशे के अवैध व्यापार से अर्जित की गई थीं। साथ ही, इनके अवैध अतिक्रमण भी हटाए जा रहे हैं। इन अपराधियों की हिस्ट्री शीट फिर से खोली जा रही हैं और उन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जमानत की शर्तों को सख्ती से लागू किया जा रहा है, ताकि ये दोबारा अपराध न कर सकें। मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जा रही है, ताकि न्याय समय पर सुनिश्चित हो।

#### संदेश
#### समाज के दुश्मन हैं तस्कर इन पर रहम नहीं करना

एक अधिकारी ने दो टूक कहा, ये समाज के दुश्मन हैं और इन पर कोई रहम नहीं होना चाहिए। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे नशा संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी 1933 हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। डीजीपी ने कहा, केवल पुलिस के बलबूते यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। जब तक आम लोग साथ नहीं देंगे, तब तक यह बुराई खत्म नहीं होगी।" समाज के नाम संदेश यह स्पष्ट संदेश है कि जो लोग नशे के धंधे से समाज को जहर दे रहे हैं, उन्हें हर स्तर पर परिणाम भुगतने होंगे—कानूनी, आर्थिक और सामाजिक। सरकार की योजनाएं उन लोगों के लिए हैं जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, न कि उनके लिए जो अपने लालच के लिए समाज को बर्बाद कर रहे हैं।

---

# युवा अब सरकारी नौकरी की आस छोड़ दें : रणदीप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसदरणदीप सिंह सुरजेवाला ने चंडीगढ़ से प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के युवाओं को अब सरकारी नौकरी की आस छोड़ देनी चाहिए। खट्टर व नायब सैनी सरकारों ने हरियाणा के युवाओं के भविष्य की भ्रूण हत्या'' कर दी है। सुरजेवाला ने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'न पर्ची-न खर्ची' का नारा देकर भाजपा ने बड़ी-बड़ी बातें की। लेकिन 11 जून, 2019 को सोशो इकॉनॉमिक आधार पर नौकरी में 10 नंबर देने का झांसा देकर नीति बनाई, खूब वाहवाही लूटी और हरियाणा के युवाओं को 'मेरिट पर नौकरी' के सब्जबाग तक दिखाकर साल 2019 और 2024 में सत्ता हथिया ली। वादा किया कि ग्रुप सी व ग्रुप डी की पारदर्शी भर्तियों हेतु साल में दो बार सीईटी का पेपर करवाएंगे और उसी से नौकरी लगाएंगे। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा ने नौकरी और युवाओं का भविष्य, दोनों को मलियामेट कर दिया। पर हुआ क्या? सोशो इकॉनॉमिक आधार व नंबर देने की नीति असंवैधानिक ठहराई गई और खारिज कर दी गई।

#### अधर में लटकाया

पांच साल में 10 बार (साल में दो बार) सीईटी करवाने की बजाय, साल 2021 से 2025 के बीच केवल एक बार ही सीईटी करवाया, वह भी 5/6 नवंबर, 2022 को। इस सीईटी को भी अदालत ने गलत पाकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा के युवाओं को बीच लाकर खड़ा कर दिया - एक तरफ 30,000 सरकारी नौकरियों पर तलवार लटकी, तो दूसरी ओर **HKRN** के कर्मचारियों की नौकरी संकट में आ गई।

# कोई भी युवा रोजगार की चिंता न करे : नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब तक नायब सिंह सैनी बैठा है, तब तक प्रदेश के किसी युवा को चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस निर्णय का अध्ययन कर आगामी प्रक्रिया आरम्भ की जाएगी। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज गरीब परिवारों के होनहार बच्चों को मेहनत के बल पर नौकरियां मिल रही हैं। नौकरियों को लेकर कांग्रेस के नेताओं को अपना शासन काल याद करना चाहिए कि उस समय किस तरह युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ करता था। मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर निर्धारित मानदंडों पर आए उच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि माननीय न्यायालय का जो भी निर्णय आया है उसका मैं स्वागत करता हूं। नायब सैनी ने पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के पराक्रम की आज काउंसिल की बैठक में प्रशंसा की गई।

#### राज्यों में पर्यटन का एक मुख्य केंद्र जरूर बनाएं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की बैठक में प्रधानमंत्री ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्य में कम से कम एक स्थान को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्यटन का केंद्र विकसित करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन केंद्र को भी विकसित किया जाएगा।

### 26 मई को शपथ लेंगे मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा को नए सूचना आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त मिल गए हैं। मुख्य सूचना आयुक्त जहां पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद होंगे वहीं पांच नए आयुक्त भी 26 को शपथ लेंगे। मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद के अलावा पूर्व एचसीएस अधिकारी अमरजीत सिंह, कर्मवीर सिंह सैनी संजय मदान, अंबाला छावनी की रहने वाली और पूर्व में एचपीएससी की सदस्य रह चुकी नीता खेड़ा व प्रियंका को आयुक्त नियुक्त किया जाना है।

यहां पर बता दें कि मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की ओर से बीती देर रात में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्तों को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। 26 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होना है, जिसके लिए फाइले राजभवन जा चुकी है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तरह की तैयारी पूरी की हो चुकी हैं। शपथग्रहण के दौरान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### संत महात्माओं की जयंती प्रदेश और जिला स्तर पर सरकारी तौर पर मना रही सरकार : पंवार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शनिवार को जिला पानीपत में इसराना विधानसभा के गांव मतलौडा, दरियापुर, इसराना, उरलाना कला, भादड आदि गावों में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बोलते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में फैली बुराइयों को मिटाने का और अधिक प्रयास करना चाहिए ताकि समाज में आपसी भाईचारे तथा मानवता की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी हमारे सभी ऋषि-मुनियों और संत महात्माओं की जयंती प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। पंचायत मंत्री ने कहा कि संतों से प्रेरणा लेकर कुछ न कुछ समाज के लिए अच्छा करना प्रत्येक समझदार व्यक्ति का कर्त्तव्य है। भारतीय संस्कृति में संत को उन्नायक के रूप में सबसे अधिक महत्व दिया। संतों का मार्गदर्शन शासन तंत्र को भी जनहितैषी कार्यों में हमेशा तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

### हरियाणा को विकसित राज्य बनाने के लिए काम रहे सीएम नायब सैनी : सुरेंद्र पूनिया

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया और सुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नागेंद्र शर्मा शनिवार को गुरुग्राम भाजपा कार्यालय गुरुकमल पहुंचे। यहां उन्होंने जिला कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया। दोनों नेताओं ने जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ जिला में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस बैठक में केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला प्रभारी संदीप जोशी, बल्लभगढ़ जिला प्रभारी कमल यादव, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी और गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा भी उपस्थिति रही। सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि सीएम नायब सैनी हरियाणा को विकसित राज्य बनाने के लिए काम रहे हैं। सभी नेताओं की उपस्थिति में पार्षदों को बुलाकर सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी के नामों को लेकर चर्चा की गई। लगभग दो घंटे तक सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के नामों पर मंथन हुआ।

### मानसून को लेकर लापरवाही बरत रही है सरकार: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार मानसून पूर्व की तैयारियों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। प्रदेश के अधिकतर शहरों में नगर पालिका, परिषद और नगर निगमों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। न नालों की सफाई हो रही है, न मरम्मत, न ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ऐसे में बरसात में प्रदेश के शहरों में फिर गंदगी फैलेगी और जगह-जगह जलभराव होगा तब सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए एक ही बात कहेगी कि इस बार बारिश ज्यादा हुई है। सांसद सैलजा ने कहा कि मार्च में ही उनकी ओर से सरकार को पत्र लिखकर पीने के पानी की भारी संभावित कमी और मानसून से पहले आवश्यक प्रबंधों के लिए चेताया था, मगर सरकार गहरी नींद में है। अब नालों की गंदगी, प्लास्टिक, स्लैब टूटने और अतिक्रमण जैसी समस्याएं जनता के लिए मुसीबत बनेंगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के हर शहर में गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे है उससे तो ऐसा लग रहा है पूरा सिस्टम ही गंदगी में डूबा हुआ है। किसी भी प्रदेश में नालों की हालात ये है कि वे प्लास्टिक और मलबे भरे पड़े है।



---

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक

# मुख्यमंत्री सैनी ने रखा हरियाणा का रोडमैप, पेश किया विजन डॉक्यूमेंट-2047, युवाओं पर फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक हुई, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'विकसित भारत 2047' की अवधारणा में राज्य के सक्रिय योगदान को रेखांकित करते हुए हरियाणा का विजन डॉक्यूमेंट-2047 प्रस्तुत किया, जिसमें वर्ष 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने और 50 लाख नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत का विजन आत्मनिर्भर, समृद्ध, सशक्त, सक्षम, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के निर्माण का है। उन्होंने कहा कि अनुरोध है कि हरियाणा विजन-2047 को अंतिम रूप देने के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत डैशबोर्ड में एकीकृत किया जाए।



#### 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' बनाया

नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए छः महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष बल दिया है। इन बिंदुओं का राज्य के इस वित्त वर्ष के बजट में भी समावेश किया गया है। हमने हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' नाम से एक नया विभाग बनाया है। यह विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों द्वारा विकास की संभावनाओं की तलाश करेगा। डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर हरियाणा के विजन-2047 के अनुरूप एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक पहल, तकनीकी दूरदर्शिता और एकीकृत नीति बनाने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा।

#### ए.आई. मिशन, 'फंड ऑफ फंड्स'

ए.आई. मिशन से लेकर 'फंड ऑफ फंड्स' तक, युवाओं के लिए नए अवसर होंगे सृजित मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए हरियाणा ए.आई. मिशन की स्थापना कर रहे हैं। हाल ही में, हरियाणा ने इसके लिए विश्व बैंक से समझौता किया है। युवाओं को स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहित करने हेतु इंटर्नशिप, मेंटरशिप और सस्ता इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए 'हरियाणा वेंचर कैपिटल फंड' तेजी से कार्य कर रहा है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने निजी निवेशकों को 2 हजार करोड़ रुपये का एक 'फंड ऑफ फंड्स' बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। यह स्टार्टअप्स में निवेश करके हरियाणा को नवाचार व उद्यमिता के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

#### उपलब्धि
#### लैंड लॉक्ड राज्यों में अचीवर श्रेणी को बरकरार रखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम गति शक्ति में हरियाणा ने लगातार तीन वर्षों-2022, 2023 और 2024 के लिए लीड्स सर्वेक्षण में लैंड लॉक्ड राज्यों में 'अचीवर' श्रेणी को लगातार बरकरार रखा है। हमने 100 करोड़ से अधिक लागत की सभी परियोजनाओं का पीएम गति शक्ति के राष्ट्रीय मास्टर प्लान से एकीकरण अनिवार्य कर दिया है। विनियामक बोझ को कम करने के लिए 1,100 से अधिक जटिल अनुपालनों को सरल किया है। इससे प्रदेश में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बना है। जल्द ही राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सेल' की स्थापना भी करने जा रही है। हम 37 विभागों में 230 से अधिक अधिनियमों के छोटे-छोटे प्रावधानों से अपराधीकरण को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि 2047 तक विकसित भारत के लिए केंद्र सरकार जो कदम उठाएगी, उस के अनुरूप हरियाणा भी योगदान देगा।

### विपक्षी विधायकों का अनादर बर्दाश्त नहीं होगा : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस विधायकों अशोक अरोड़ा और चंद्र प्रकाश के साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि जनता के चुने हुए विपक्षी विधायकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक अशोक अरोड़ा के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जो व्यवहार किया, वह सबने देखी। यह किसी एक विधायक पर नहीं बल्कि लोकतंत्र और संवैधानिक मर्यादाओं पर हमला है। नगर परिषद हाउस की बैठक में खुद सरकार ने दिशा निर्देश जारी किए थे कि कोई बाहरी तत्व हिस्सा नहीं लगा। लेकिन हाउस में पार्षदों के अलावा बीजेपी के कई कार्यकर्ता भी बैठे हुए थे। विधायक के साथ दुर्व्यवहार करने की मंशा के साथ ही मीटिंग में पहुंचे थे। कांग्रेस ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। इन लोगों की जल्द से जल्द पहचान करके दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि ऐसा ही अमर्यादित व्यवहार ग्रीवेंस मीटिंग में आदमपुर से विधायक चंद्र प्रकाश के साथ। बीजेपी नेताओं ने अमर्यादित व अशोभनीय आचरण करके बैठक की गरिमा को तार-तार कर दिया।



## खबर संक्षेप

### छात्रा ने जहर खाया उपचार के दौरान मौत

**चरखी दादरी।** दादरी के गांव शीशवाला निवासी 18 वर्षीय छात्रा ने शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहर निगल लिया। परिजनों को उसकी तबीयत बिगड़ने पर पता चला और अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई कर सामान्य अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया।मृतका के परिजनों ने बताया कि बीती रात करीब 9 बजे सरिता को उल्टियां शुरू हो गई, जब परिजनों ने पूछा तो बताया कि उसने जहर निगल लिया है। परिजनों ने उसे तुरंत दादरी के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 11 साल का बच्चा यमुना में डूबा, नहीं लगा सुराग

**यमुनानगर।** शहर के पश्चिमी यमुना नहर में रेलवे पुल के पास शनिवार सुबह शौच करने के लिए गया 11 वर्षीय बच्चा नहर में डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से बच्चे को खोजने का प्रयास किया मगर उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। उधर, घटना के बाद से बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार पश्चिमी यमुना नहर रेलवे पुल के पास रहने वाला 11 वर्षीय अनिकेत सुबह साढ़े पांच बजे घर से नहर किनारे शौच करने के लिए गया था।

### रिटायर्ड बैंक मैनेजर से 5.71 लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर रिटायर्ड बैंक मैनेजर से साइबर ठगों द्वारा लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन फतेहाबाद निवासी बनवारी लाल कटारिया ने कहा है कि वह पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड कर्मचारी है। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह पीएनबी मुख्यालय से बोल रहा है, आप रिटायर्ड मैनेजर बोल रहे हो। इस पर उसने हां कहा। इसके बाद कॉल करने वाले ने उसे क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कहा और उससे उसकी जन्म तिथि व जिला पिन कोड पूछा। जैसे ही उसने यह बताया तो उसका मोबाइल हैंग हो गया और तीन खातों से कुल 5 लाख 71 हजार कट गए।

# दिल्ली से करनाल लौटी महिला पॉजिटिव चार जिलों में नौ लोग कोविड से संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में पिछले तीन दिन से कोरोना से संक्रमित लोग मिल रहे है। अब करनाल में एक महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है, जिसके बाद पूरे प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 9 हो गई है। करनाल से कोरोना संक्रमित मिली महिला की उम्र 55 साल है और वह पिछले हफ्ते ही दिल्ली गई थी, वहां से लौटने के बाद ही उसे खांसी, जुकाम हो गया था। जांच करवाई तो उसमें वह कोरोना पॉजिटिव निकली। फिलहाल उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है।

वहीं, दिल्ली में काम करने वाले गुरुग्राम के एक डॉक्टर संक्रमित मिले हैं वह गुरुग्राम से दिल्ली डेली अपडाउन करते हैं। सेक्टर 38 में रहने वाले डॉक्टर के मुताबिक उन्हें कई दिन से बुखार हो रहा था। इसके बाद उन्होंने कोरोना टेस्ट कराया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। डॉक्टर ने स्थिति देखते हुए खुद को 2 दिन से होम आइसोलेशन में रखा हुआ है। डॉक्टर की किसी दूसरे देश की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इसके साथ ही गुरुग्राम में 3 दिन के भीतर कोरोना का यह चौथा केस मिला है। गुरुग्राम के अलावा फरीदाबाद 3 और यमुनानगर में एक मरीज मिल चुका है। इनमें निजी अस्पताल की लेडी मैनेजर और सॉफ्टवेयर डेवलपर भी शामिल है। इन मरीजों में 4 महिलाएं शामिल हैं।



जींद। महिलाओं का ब्लड सैंपल लेता स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी।

### जींद में ऑक्सीजन सिलेंडर भरवाने के दिए निर्देश

**जींद।** देश तथा प्रदेश में आ रहे कोरोना के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हालांकि अभी तक संदिग्धों की जांच का कार्य शुरू नही हुआ है और ऐसे मरीजों को दवाइयां देकर अहतियातत बरतने के लिए कहा जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोरोना, मच्छरजनित रोगों के अलावा गर्मी के मौसम मे होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों को लेकर गली-गली मोहल्लों व गांवों में दस्तक दी जा रही है और जागरूक किया जा रहा है। जींद अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट खराब है। ऐसे में अहतियात के तौर पर अस्पताल के पास मौजूद सभी 150 ऑक्सीजन गैस सिलेंडरों को भरवाने के आदेश दिए गए हैं। ऑक्सीजन प्लांट को ठीक करवाने के लिए उच्च अधिकारियों को रिमाइंडर भेज दिया गया है।

### जुखाम, खांसी होने पर तुरंत जांच करवाएं : डा. भोला

जींद नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जुखाम, खांसी होने पर तुरंत जांच करवाएं और मास्क का प्रयोग करें। यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाने के उपरान्त ही इलाज लेना चाहिए

### रोहतक पीजीआई में मरीजों के लिए बेड रिजर्व

ऐसे में सरकार भी अलर्ट हो गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में कोरोना के संदिग्ध मरीजों की टेस्टिंग शुरू करा दी गई है। रोहतक पीजीआई में बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सिविल सर्जनों को कोरोना से निपटने के लिए दवाइयों, ऑक्सीजन आदि का पहले से इंतजाम करने को कहा है। जींद सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि कोरोना को देखते हुए इससे बचने के लिए सरकार की हिदायतों की पालना करवाई जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई का ध्यान रखे तो मौसमी बीमारियों से निजात पा सकता है। इसके अलावा पानी साफ करने वाली हेलोजन की गोलियां, जिंक की टेबलेट तथा ओआरएस भी वितरित किए और पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए गए हैं।

# हर्षिता का सीडीएस में ऑल इंडिया थर्ड रैंक



■ डीयू से इतिहास में आनर्स किया, माता-पिता दोनों शिक्षक

**हिसार।** शहर के ओपी जिंदल स्कूल में पढ़ी हर्षिता कादयान ने सीडीएस एग्जाम में ऑल इंडिया में तीसरी रैंकिंग हासिल की है। हर्षिता की उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है।

हर्षिता ने ओपी जिंदल में पढ़ाई करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से इतिहास आनर्स में पढ़ाई पूरी की है। हर्षिता के पिता अशोक कादयान और मां किरण कादयान हिसार में इंग्लिश स्पोकन अकादमी चलाते हैं। कादयान परिवार मूल रूप से झज्झर के दूबलधन का रहने वाला है। हर्षिता के दादा रण सिंह पीडब्ल्यूडी विभाग से रिटायर्ड सुप्रिटेंडेंट हैं और दादी ओमपति देवी रिटायर्ड सरकारी हिंदी टीचर हैं। हर्षिता ने बताया कि आर्मी अफसर की वर्दी का सम्मान शुरू से ही दिल में था और वो आज पूरा परिवार सेना में अफसर बनने पर उन पर गर्व कर रहा है।

उसने कहा कि मेरे दादा बचपन से ही मुझे गैजेटेड अफसर बनता देखना चाहते थे और उन्होंने मुझमें कामयाब होना का जनून डाला। कठिन परिश्रम और खुद में विश्वास ये दोनों बातें दिमाग में हरदम रहती हैं।

### सांडों की लड़ाई में फंसकर युवक घायल

**टोहाना।** शहर के रेलवे रोड स्थित वार्ड 5 के प्रेमनगर में लावारिस पशुओं की समस्या गंभीर हो गई है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तीन सांडों की लड़ाई में एक स्थानीय मंदिर की खिड़की और शीशे टूट गए। इस घटना में राजेश नाम के एक व्यक्ति को पैर में चोट भी आई। मंदिर के पुजारी निशांत शर्मा ने बताया कि दो साल पहले बने इस मंदिर के पास खाली प्लॉट में दो सांड बैठे थे। एक तीसरे सांड ने आकर उनसे लड़ाई शुरू कर दी। इस दौरान मंदिर की खिड़की का शीशा और ग्रिल टूट गए। स्थानीय निवासी निशांत सिंगला के अनुसार यह एक साल में तीसरी ऐसी घटना है। वार्ड वासी संदीप शर्मा ने खाली प्लॉट मालिकों को चारदीवारी बनाने के लिए नोटिस जारी करने की मांग की है।

# युवक व युवती ने भाखड़ा में छलांग लगाई एक की मौत, युवक तेज बहाव में बह गया

■ लड़का आईटीआई में कर रहा पढ़ाई, लड़की कर रही थी कंप्यूटर कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गांव झांसा के समीप भाखड़ा नहर में युवक-युवती ने छलांग लगा दी। युवक व युवती को नहर मे छलांग लगाते हुए वहां मौजूद लोगों ने देख लिया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने युवती को नहर से बाहर निकाला। युवती को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल झांसा भेजा गया। जहां से चिकित्सकों ने युवती को अंबाला रेफर कर दिया गया। अंबाला जाते समय बीच रास्ते में ही लड़की ने दम तोड़ दिया। युवक की तलाश अभी जारी है। जानकारी के अनुसार युवक गांव दुनियामाजरा का रहने वाला है और युवती भी पास ही क गांव की रहने वाली है। अंकुश आईटीआई उमरी में पढ़ाई कर रहा है। युवती रोजाना की तरह इस्माईलाबाद में कंप्यूटर कोर्स के लिए गई थी। जब वह सेंटर से घर आ रही थी तो गांव के पास ही उसने भाखड़ा में छलांग लगा दी। उसी समय युवक भी अपने दोस्त के साथ बाइक पर नहर के पास पहुंचा था। वह भी नहर में कूद गया। आसपास के लोगों ने तुरंत झांसा पुलिस को बुलाया।

### युवती को बाहर निकाला, बचाया नहीं जा सका

पुलिस ने वहां पहुंचकर गोताखोरों को बुलाया। इसके बाद गोताखोर प्रगट सिंह की टीम पहुंची। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि युवती को नहर से निकाल लिया गया है जबकि युवक की तलाश जारी है। युवक की तलाश के लिए रविवार को फिर से सर्च अभियान चलाया जाएगा। युवक-युवती ने नहर में छलांग क्यों लगाई अभी इसके कारणों का पता नही चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तरह-तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है।

# ईडी ने घंटों नरवाना के कारोबारी का घर खंगाला

■ घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान रहे तैनात ■ सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

■ भारत ब्रांड योजना में घोटाले में छापेमारी

ईडी की टीम ने शनिवार को फिर से नरवाना के कारोबारी के आवास पर दस्तक दी। टीम ने लगभग चार घंटे तक कारोबारी के आवास को खंगाला और पूछताछ भी की। टीम ने कुछ दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं। ईडी को कारोबारियों के यहां क्या कुछ मिला, इसका खुलासा नही हो पाया है। कारोबारियों के यहां छापेमारी के पीछे भारत ब्रांड योजना मे घोटाला होना बताया जा रहा है। नरवाना के कुछ बड़े कारोबारी भारत ब्रांड योजना के हिस्सा हैं।



जींद। घर के बाहर खड़ी ईडी के अधिकारियों की गाड़ी।

सीआरपीएफ जवानों के साथ शनिवार को फिर से ईडी की टीम ने राइस मिलर तथा आढ़ती ओमप्रकाश के किश्नचंद कालोनी में आवास पर दस्तक दी। मकान के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात रहे। जबकि ईडी की टीम ने लगभग चार घंटों तक मकान तथा रिकार्ड को खंगाला। कार्रवाई के दौरान किसी को मकान के अंदर तथा बाहर नही जाने दिया गया।

### शुक्रवार को भी एजेंसी ने की थी छापेमारी

ईडी की टीम कुछ दस्तावेजों को भी अपने साथ ले गई। काबिलेगौर है कि शुक्रवार को सुबह ईडी ने नरवाना तथा उचाना में कारोबारियों के यहां लगभग डेढ़ दर्जन प्रतिष्ठानों तथा आवासों पर छापेमारी की थी। ईडी की कार्रवाई देर रात तक जारी रही। ईडी ने कारोबारी ओमप्रकाश के आवास पर शुक्रवार को भी दस्तक दी थी। शनिवार को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे फिर से ईडी ने कारोबारी के आवास दस्तक दी और दोपहर बाद लगभग साढे तीन बजे डेरा डाले रखा।

# मौजगढ़ मानी हत्याकांड में फरार गैंगस्टर लवली पंजाब से गिरफ्तार

■ आरोपी पर हत्या सहित चार संगीन मामलों में आरोपी

**डबवाली।** क्षेत्र के गांव मौजगढ़ मानी हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य साजिशकर्ता गैंगस्टर को स्थानीय पुलिस ने पंजाब क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास सहित डबवाली थाना में चार मामले दर्ज हैं।सीआईए प्रभारी राजपाल ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरप्रीत उर्फ लवली निवासी डबवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मौजगढ़ निवासी महिला की शिकायत पर उसके पति राजेंद्र सिंह उर्फ काला व उसके पुत्र करणवीर सिंह उर्फ मानी पर उसके घर पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मानी की हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस हमले में उसका पति राजेंद्र सिंह घायल हो गया था। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान मामले में चार आरोपियों को पहले ही काबू कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व पिस्टल बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता हरप्रीत सिंह उर्फ लवली घटना के बाद फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ मौजगढ़ मानी हत्याकांड के साथ-साथ थाना शहर में मसीता हत्याकांड में आपराधिक षड्यंत्र के तहत अभियोग दर्ज हैं। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए लवली को भी पंजाब से काबू कर लिया है।



# फर्जी हकीम ताज मोहम्मद का रिमांड पूरा, पासपोर्ट बरामद

फतेहाबाद। देश द्रोह के आरोपों से घिरे मुश्ताक अहमद उर्फ ताज मोहम्मद को आज पुलिस ने 4 दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट जोगिन्द्र जांगडा की अदालत में पेश किया।

अदालत ने आरोपी को 6 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए। गौरतलब है कि आरोपी को पुलिस ने 15 मई को बीएनएस की धारा 197 (1डी) में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था और तब अदालत ने आरोपी को 29 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। पुलिस ने आरोपी की जमानत याचिका के जवाब में अदालत को बताया था कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 152 भी जोड दी गई है। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर 20 मई को सीजेएम सुयशा जावा की अदालत में पेश कर 7 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था लेकिन दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 4 दिन का पुलिस रिमांड ही दिया था। जानकारी के मुताबिक अदालत को दिए रिमांड पेपर में पुलिस नेकहा कि आरोपी से उसका पासपोर्ट बरामद किया है जो 7 नवंबर 2022 से 6 नवंबर 2032 तक वैध है। आरोपी के बैंक खातेकी डिटेल भी खंगाली गई।

# वाहनों की जांच कर रही आरटीए की टीम को डंपर से कुचलने का प्रयास

■ चालक व अन्य पर मोबाइल छीनने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप

**यमुनानगर।** सहारनपुर कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव धोलरा के पास वाहनों की जांच कर रहे आरटीए की गाड़ी को डंपर चालक ने टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास किया। गनीमत यह रही की आरटीए टीम ने कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान आरोपी ट्रक चालक व अन्य व्यक्तियों पर मोबाइल फोन छीनने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी डंपर चालक कृष्ण कुंडू व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोटर वाहन अधिकारी परिवर्तन कार्यालय सचिव प्रादेशिक परिवहन विजय कुमार ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 23 में को सुबह चार बजे सहारनपुर कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव धोलरा के पास टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहा था। इस दौरान उन्हें एक डंपर आता दिखाई दिया जब उन्हें डंपर को रोकने का इशारा किया तो आरोपी डंपर चालक ने विभाग की सरकारी गाड़ी को टक्कर मारकर उन्हें जान से करने का प्रयास किया। मगर उन्होंने डंपर को अपनी तरफ आता देखकर कूद कर जान बचाई। इस दौरान मौके पर अन्य व्यक्ति भी आ गए। आरोपी डंपर चालक व अन्य व्यक्तियों ने उसे मोबाइल फोन छीन लिया और सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। इसके बाद आरोपी डंपर चालक व अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए। पूछताछ के दौरान आरोपी डंपर चालक की पहचान कृष्ण कुंडू के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बावल का मामला, पुलिस ने केस दर्ज किया**

# नवजात को जन्म देकर कूड़े के ढेर में फेंका, कुत्ता बाजार में खींच लाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

■ सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही पुलिस

शुक्रवार की रात कलयुगी मां बच्चे को जन्म देने के बाद उसे कूड़े के ढेर में डाल गई। कुत्ता बच्चो के शव को कूड़े के ढेर से खींचकर बाजार में ले आया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर नवजात शव को कब्जे में ले लिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस महिला का पता लगाने के प्रयास कर रही है। रेवाड़ी मोड़ के पास एक दुकानदार शनिवार सुबह अपनी दुकान पर पहुंचा, तो वहां एक नवजात का शव पड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक कुत्ता कूड़े के ढेर से नवजात के शव को खींचकर दुकान तक लाया था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। ईआरपी की सूचना पर बावल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने नवजात के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार नवजात 8 या 9 माह का है। पुलिस केस दर्ज करने के बाद आरोपी महिला का पता लगाने में जुट गई है। इसके लिए आसपास के एरिया में गर्भवती महिलाओं के रिकॉड की जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि महिला की पहचान सुनिश्चित हो सके।






रेवाड़ी। नवजात का शव मिलने पर मौजूद पुलिस व जमा लोग व शव को ले जाते पुलिस कर्मचारी।

**पंजाब से सटे कालांवाली में पुलिस की छापेमारी से हड़कंप**

# 81900 प्रतिबंधित गोलियों व कैप्सूल की खेप के साथ सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली

■ क्षेत्र में पहले भी पकड़ी जा चुकी है मेडिकल नशे की बड़ी खेप

पंजाब की सीमा से सटे जिला डबवाली को नशामुक्त बनाने के लिए जहां सरकार प्रयासरत है वहीं धरातल पर पुलिस प्रशासन भी नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर नकेल कस रही है। इसी कड़ी में कालांवाली शहर पुलिस ने मंडी कालांवाली से घर में मेडिकल नशे की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी करने वाले आरोपी चिराग गर्ग निवासी नजदीक आइस फैक्ट्री वार्ड नंबर 06 मंडी कालांवाली को रिकॉर्ड मात्रा में नशीली गोलियों व कैप्सूलों की बड़ी खेप के साथ धर दबोचा। चौकी शहर कालांवाली प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस प्रशासन को जानकारी मिली थी कि उपरोक्त स्थान पर एक व्यक्ति नशे में प्रयोग की जाने वाली गोलियों व कैप्सूलों का व्यापार करता है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मंडी कालांवाली में उक्त स्थान पर दबिश दी और आरोपी चिराग के घर से कार्टूनों में 32 हजार 400 कैप्सूल व 49,500 गोलियों को कब्जे में लिया। पुलिस प्रशासन के मुताबिक ये दोनों दवाएं बिना वैध लाइसेंस व चिकित्सीय परामर्श के रखना गैरकानूनी है। प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर उपरोक्त दवाओं को ड्रग इंस्पेक्टर से सत्यापित करवाकर उनके हवाले किया गया। काबिलेजिक्र है कि इसी महीने मेडिकल नशे के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए सीआईए कालांवाली ने एक कार सवार व्यक्ति जोगेंद्र निवासी मंदिर वाली गली, पुरानी मंडी कालांवाली को 72,400 नशीली गोलियों व कैप्सूल के साथ काबू किया था।



सिरसा। मौके पर जांच करती पुलिस व ड्रग विभाग की टीम।

वहीं डबवाली पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें। उन्होंने कहा कि कई नशीली गोलियां एन.डी.पी.एस. एक्ट में नहीं आती, इसलिए इन गोलियां का अक्सर नशे में प्रयोग हो रहा है। पुलिस इस पर नकेल कस रही है।

## खबर संक्षेप

### चांटा मारकर तिलक लगाने से मना किया



**रतलाम।** जावरा में हिन्दू जागरण मंच के नगर संयोजक को तिलक लगाकर आने पर चांटा मारा गया। इसके विरोध में सर्व हिंदू समाज ने शनिवार सुबह 11 बजे आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। सर्व हिंदू समाज के सैकड़ों एकत्र होकर रैली निकालते हुए सीएसपी कार्यालय पहुंचे।

### हाईवे पर अश्लील हरकत करने वाला नेता फरार



**मंदसौर।** जिले के भाजपा नेता मनोहर लाल धाकड़ का अपनी महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो को देखकर लोग स्तब्ध हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भानपुरा पुलिस ने मनोहर लाल धाकड़ और उनकी महिला साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 (सार्वजनिक अश्लीलता), 285 (जिससे जान-माल को खतरा हो) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोपी नेता इस घटना के बाद से फरार हैं।

### मशीन में फंसे महिला के सिर के बाल, गंभीर

**पांढुर्णा।** राजना में शेषाद्रि मिल में काम करने के दौरान एक महिला के बाल रिंग फ्रेम की मशीन की चपेट में गए। बाल सहित खोपड़ी की खाल निकलकर मशीन में फंस गई। हर तरफ खून फैल गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मिल प्रबंधन ने घायल महिला को नागपुर अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस को सूचना तक नहीं दी। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल लक्ष्मी पाठे (40) पांढुर्णा में किराए के मकान में रहती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर एपल भारत में आईफोन बनाने का फैसला करता है तो वे इस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे

# ट्रंप के 25% टैरिफ के बावजूद भारत में बने आईफोन अमेरिका में सस्ते होंगे



- न्यूनतम मजदूरी से जुड़े कानूनों के कारण अमेरिका में फोन बनाने पर आईफोन की श्रम लागत लगभग 2,900 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी, जो इसकी वर्तमान श्रम लागत से 13 गुना अधिक है

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अपने एक बयान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर एपल भारत में आईफोन बनाने का फैसला करता है तो वे इसपर पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे। हालांकि, जीटीआरआई का मानना है कि इस तरह के शुल्कों के बावजूद भारत में आईफोन का निर्माण लागत की दृष्टि से अधिक प्रभावी है। भले ही अमेरिका भारत में बने आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए, फिर भी इसकी कुल उत्पादन लागत अमेरिका में इसे बनाने की तुलना में बहुत कम होगी। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है।

भारत में एक आईफोन को असेंबल करने में लगभग 30 डॉलर का खर्च आता है, जबकि अमेरिका में इसी प्रक्रिया पर लगभग 390 डॉलर का खर्च आएगा



- भारत और अमेरिका में पारिश्रमिक लागत में भारी अंतर
- भारत में, आईफोन असेंबल करने वाले श्रमिक हर महीने लगभग 230 डॉलर कमा पाते हैं

## आईफोन से किस देश को क्या मिलता है?

रिपोर्ट में 1,000 अमेरिकी डॉलर के आईफोन की पूरी मौजूदा मूल्य श्रृंखला के बारे में विस्तार से बताया गया है। आईफोन के निर्माण में एक दर्जन से अधिक देशों का योगदान है। एपल अपने ब्रांड, सॉफ्टवेयर और डिजाइन जरिए मूल्य का सबसे बड़ा हिस्सा, लगभग 450 डॉलर प्रति डिवाइस अपने पास रखता है। क्वालकॉम और ब्रॉडकॉम जैसे अमेरिकी घटक निर्माताओं के हिस्से में करीब 80 जाते हैं। जबकि ताइवान चिप बनाकर 150 अमेरिकी डॉलर हासिल करता है। दक्षिण कोरिया ओएलईडी स्क्रीन और मेमोरी चिप्स बनाकर 90 डॉलर हासिल करता है। जापान मुख्य रूप से कैमरा सिस्टम तैयार कर 85 डॉलर के पार्ट्स की आपूर्ति करता है। जर्मनी, वियतनाम और मलेशिया छोटे आईफोन के कई अन्य छोटे-छोटे हिस्से बनाकर 45 डॉलर का योगदान देते हैं।

### भारत और चीन को आईफोन असेंबल कर मिलते हैं केवल 30 डॉलर

जीटीआरआई ने कहा कि चीन और भारत जैसे देश आईफोन असेंबली के मामले में प्रमुख खिलाड़ी होने के बावजूद, प्रति डिवाइस केवल लगभग 30 डॉलर ही कमाते हैं। यह एक आईफोन के कुल खुदरा मूल्य का 3 प्रतिशत से भी कम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 25 प्रतिशत टैरिफ लागू होने के बाद भी भारत में आईफोन का निर्माण आर्थिक रूप से तर्कसंगत है। ऐसा मुख्य रूप से भारत और अमेरिका में पारिश्रमिक लागत में भारी अंतर के कारण है। भारत में, आईफोन असेंबल करने वाले श्रमिक हर महीने लगभग 230 डॉलर कमा पाते हैं। वहीं कंपनी यदि अमेरिका के कैलिफोर्निया जैसे राजय में आईफोन बनाने का फैसला लेती है तो उसे काफी महंगा पड़ेगा।

### अमेरिका में एपल का मुनाफा 60 अमेरिकी डॉलर रह जाएगा

भारत में एक आईफोन को असेंबल करने में लगभग 30 डॉलर का खर्च आता है, जबकि अमेरिका में इसी प्रक्रिया पर लगभग 390 डॉलर का खर्च आएगा। अगर एपल अपना उत्पादन अमेरिका ले जाता है, तो हर आईफोन उसका मुनाफा वर्तमान के 450 अमेरिकी डॉलर से घटकर मात्र 60 अमेरिकी डॉलर रह जाएगा। ऐसे में, बिना खुदरा कीमतों में इजाफा किए वह इससे अधिक लाभ नहीं हासिल कर पाएगा।
जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं और श्रम लागत का अंतर भारत को विनिर्माण के लिए एक प्रतिस्पर्धी विकल्प बनाते हैं। जीटीआरआई के अनुसार भारत में आईफोन की असेंबलिंग अमेरिका के संभावित व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद कारगर बने रहने की उम्मीद है।

सीएफएसएल-पीयू ने मिलकर बनाया

# रक्षा सूत्र करेगा आभूषणों की सुरक्षा 'स्नैचिंग' पर दिखेगा इसका कमाल



घटना पर कोई बटन दबाने की जरूरत नहीं

**एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़**

चंडीगढ़ स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) और पंजाब यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर एक स्मार्ट डिवाइस 'रक्षा सूत्र' तैयार किया है, जो स्नैचिंग यानी झपटमारी की घटना होते ही खुद-ब-खुद एक्टिव होकर आरोपी की वीडियो, ऑडियो और लोकेशन रिकॉर्ड कर लेता है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक अनोखी तकनीक का विकास हुआ है, जो आने वाले समय में झपटमारी और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। रक्षा सूत्र को डॉ. एसके जैन, डॉ. सुखमिंदर कौर, प्रो. नवीन अग्रवाल, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. चारू मधु, डॉ. निधि गर्ग, कृष्ण चौहान, मंजीत कौर, प्रिंस राणा, निशा शर्मा, ऋषि डोगरा, कनिष्क मदान ने मिलकर तैयार किया है। इन वैज्ञानिक, प्रोफेसर और छात्रों ने साल 2022 में इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया था और लगातार परीक्षण व शोध के बाद इस तकनीक को काफी छोटे आकार में बनाने में सफल रहे हैं।

### ज्वेलरी के पीछे किया जा सकेगा फिट

इस डिवाइस की खास बात यह है कि इसे महिलाओं के आभूषणों (ज्वेलरी) के पीछे इस तरह फिट किया जाता है कि यह सामान्य तौर पर दिखता नहीं, लेकिन जैसे ही स्नैचिंग जैसी घटना होती है, यह अपने आप एक्टिवेट हो जाता है। सक्रिय होते ही यह डिवाइस न केवल आरोपी की वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर देता है, बल्कि उसी समय उसकी लोकेशन भी रिकॉर्ड कर लेता है। यह डेटा बाद में जांच एजेंसियों के लिए बेहद अहम सबूत के रूप में काम आ सकता है।

### डीएफएसएल मुंबई ने दिखाई रुचि

यह तकनीक सिर्फ कागजों या लैब तक सीमित नहीं रही है। इस टेक्नोलॉजी को पेटेंट कराने के लिए भारत सरकार को आवेदन भी कर दिया गया है। टीम के सदस्यों ने बताया कि इस डिवाइस को और छोटा बनाने पर काम किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी को लेकर डीएफएसएल मुंबई ने भी रुचि दिखाई है।

ग्वालियर में चीफ इमाम का दो टूक संदेश

## आतंकियों को नहीं मिलेगी भारत की मिट्टी, जनाजे की नमाज भी नहीं होगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर**

ग्वालियर में देश के चीफ इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी ने आतंकवाद के खिलाफ फतवा जारी किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग आतंकवाद करते हैं और मर जाते हैं, उनके जनाजे की नमाज नहीं पढ़ी जाएगी और उन्हें भारत की जमीन पर दफन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन अपने नाम से इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के नाम जैसे पवित्र शब्द हटा दें। लव जिहाद के बढ़ते मामलों पर डॉ. इलियासी ने कहा कि समाज में जो शादी होती है, उसमें बरकत होती है। जिहाद जैसे शब्द नापाक हैं। ऐसी शादियों से बचना चाहिए जिनसे समाज में लड़ाई-झगड़ा बढ़ता हो। उन्होंने कहा कि नाम और पहचान छुपाकर इस तरह के काम नहीं करने चाहिए। समाज में अच्छे लोग ज्यादा हैं और बुरे कम। बलूचिस्तान की मांग पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज भारत की कूटनीति और नीति के साथ है।

- समाज में जो शादी होती है, उसमें बरकत होती है जिहाद जैसे शब्द नापाक



## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में संदिग्ध आतंकवादी हमलों में सैनिक समेत दो लोगों की मौत

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को दो अलग-अलग संदिग्ध आतंकवादी हमलों में एक सैनिक सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान के कबायली जिले शाकाई क्षेत्र में एक सुरक्षा चौकी के निकट उस समय बम विस्फोट हुआ, जब बम रोधी इकाई नियमित जांच पर थी। सूत्रों ने बताया कि इस विस्फोट में पांच सुरक्षाकर्मी और एक नागरिक घायल हो गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के समय मोटरसाइकिल से जांच चौकी पार कर रहा नागरिक घायल हो गया। बाद में वाना शहर के जिला मुख्यालय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि प्रांत के खैबर जिले में एक अलग घटना में, बार कंबर क्षेत्र में एक हमले में घायल सैनिक की मौत हो गई। वह उस क्षेत्र से गुजरने वाले सुरक्षा काफिले में एक वाहन का चालक था, जो डिप्टी कमांडेंट के साथ वहां से गुजर रहा था। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की टुकड़ियां दोनों जगहों पर पहुंचीं और इलाकों की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा बलों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### गीतम डीम्ड यूनिवर्सिटी गीतम बिजनेस स्कूल ने अभिनव प्रबंधन कार्यक्रम शुरू की

**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बिजनेस (GSB) ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रबंधन में कई अत्याधुनिक स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की शुरुआत की घोषणा की है, जिन्हें कॉर्पोरेट मांगों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। यह घोषणा GSB के डीन प्रो. राजा पी. पप्पू ने की। उन्होंने बताया कि जीएसबी एसीसीए योग्यता के साथ बी.कॉम की पेशकश कर रहा है जो कि विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट (एसीसीए) प्रमाणन है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी (एनएसईए) के सहयोग से बीबीए (वित्तीय बाजार) और ब्लूमबर्ग और एनएसई लैब्स के साथ बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) की पेशकश की जा रही है। उन्होंने आगे घोषणा की कि जीएसबी आंध्र प्रदेश मेडटेक ज़ोन (एएमटीजेड) और एकेडमी ऑफ़ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एएचए) के सहयोग से हेल्थकेयर और हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया एमबीए प्रोग्राम एमबीए भी शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसबी ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ नॉर्थ कैरोलिना विलमिंगटन (यूएनसीडब्ल्यू), यूएसए और यूनिवर्सिटी ऑफ़ सरे, यूके के सहयोग से इंटरनेशनल कंसल्टिंग इमर्शन प्रोग्राम (आईसीआईपी) भी पेश किया है। गीतम प्रवेश निदेशक एम.जगदीश ने बताया कि स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश GAT-2025 (गीतम प्रवेश परीक्षा) में प्रदर्शन के आधार पर होगा, जो 25 मई, 2025 को भारत के 44 शहरों में आयोजित किया जाएगा। एमबीए प्रोग्राम के लिए आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।



### आंध्र प्रदेश : तीन वर्षीय दलित बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

**कंबलादिन्ने (आंध्र प्रदेश) (भाषा)।** कडप्पा जिले में 25 वर्षीय एक युवक ने तीन वर्षीय दलित बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश बाबू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मायलावरम मंडल के कंबलादिन्ने गांव में रहने वाले रहमतुल्ला नाम के युवक ने बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। बाबू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "आरोपी हमारी हिरासत में है।"

शिक्षा मंत्रालय ने शुरू किया 'तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज' अभियान

भारत में 13 से 15 साल के 8.5% छात्र किसी न किसी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे

# स्कूल-कॉलेजों के 100 गज दूर खींची जाएगी पीली रेखा, इसके समेत उठाए जाएंगे नौ कदम

## हर दिन भारत में 5,500 बच्चे तंबाकू का सेवन शुरू करते हैं

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

नई पहल

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने देशभर में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य सभी स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकू और नशा मुक्त बनाना है। इस अभियान के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाएं। यह कदम शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने 15 मई 2025 को गृह मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में हुई नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 8वीं बैठक के बाद उठाया गया है। बैठक में चर्चा की गई कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा और कानून व्यवस्था विभागों को मिलकर काम करना होगा। गौरतलब है कि भारत एक युवा देश है, जहां बड़ी संख्या में लोग 29 साल से कम उम्र के हैं। यह युवा वर्ग देश का भविष्य है और इन्हें तंबाकू व नशे के दुष्प्रभावों से बचाना बहुत जरूरी है। 2019 में हुए ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार, भारत में 13 से 15 साल के 8.5% छात्र किसी न किसी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। हर दिन भारत में 5,500 बच्चे तंबाकू का सेवन शुरू करते हैं। तंबाकू का सेवन अकसर अन्य नशीले पदार्थों की ओर पहला कदम बन जाता है। बच्चे यह उत्पाद स्कूलों के पास की दुकानों से आसानी से खरीद लेते हैं, जबकि ऐसा करना कानून के खिलाफ है। इस अभियान को असरदार बनाने के लिए मंत्रालय ने 31 मई 2025 (विश्व तंबाकू निषेध दिवस) से 26 जून 2025 (अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं और तस्करी विरोधी दिवस) तक एक महीने का विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू करने का आह्वान किया है।

### तंबाकू निगरानी अधिकारी नियुक्त होगा

इसी खतरे को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' नाम से दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का एक कार्यान्वयन मैनुअल 31 मई 2024 को लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य स्कूलों और कॉलेजों को पूरी तरह तंबाकू मुक्त बनाना है। इसमें कुल 9 जरूरी कदम बताए गए हैं, जैसे कि संस्थान के गेट और परिसर में 'तंबाकू मुक्त क्षेत्र' का बोर्ड लगाना, परिसर में तंबाकू के इस्तेमाल का कोई प्रमाण न होना, तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी वाली सामग्री लगाना, हर 6 महीने में कम से कम एक जागरूकता गतिविधि करना, तंबाकू निगरानी अधिकारी नियुक्त करना, स्कूल के नियमों में तंबाकू निषेध नीति शामिल करना, संस्थान के चारों ओर 100 गज की दूरी पर पीली रेखा खींचना और उस क्षेत्र में तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाना। इनमें आखिरी दो कार्यों के लिए स्थानीय प्रशासन की मदद सबसे जरूरी मानी गई है।



## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

### भारतीय मूल के ब्रिटिश जुड़वां बच्चे प्रतिष्ठित 'मेन्सा क्लब फॉर ब्रेनिएक्स' में शामिल



**लंदन (भाषा)।** भारतीय मूल के दो ब्रिटिश बच्चों को प्रतिभाशाली बच्चों के प्रतिष्ठित 'मेन्सा क्लब फॉर ब्रेनिएक्स' में शामिल दिया गया है। दोनों बच्चे जुड़वां भाई-बहन हैं। जुड़वा बच्चों ने सर्वाधिक अंक हासिल करने के लिए कई कठिन चुनौतियों को पार किया। कृष (11) को 162 अंक प्राप्त करने के बाद इसमें शामिल किया गया, जो 'मेन्सा सुपरवाइज्ड आईक्यू टेस्ट' सत्र में सर्वाधिक अंक है। इसके साथ ही कृष उच्च 'आईक्यू' वाले अतिप्रतिभाशाली बच्चों के क्लब में शामिल हो गया। हाल ही में कृष की बहन कियारा ने 'कैटेल III बी स्केल' में 152 अंक प्राप्त कर इस क्लब में जगह बनाई। जुड़वा बच्चों की मां और वरिष्ठ आईटी प्रबंधक मौली अरोड़ा ने कहा, "वे (उनके बच्चे) बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और कियारा को कृष की वजह से 'मेन्सा' टेस्ट देने की प्रेरणा मिली।"

## शब्द पहेली - 5877




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5876 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | य | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |





# ‘शुभ आरंभ’ : सुदर्शन-अर्शदीप नए चेहरे, नायर-शार्दुल की वापसी, तीन अनुभवी और 15 को मौका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान चुना गया है। वहीं, ऋषभ पंत टेस्ट में नए उपकप्तान हैं। गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान हैं। इसके अलावा करुण नायर की आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। शार्दुल ठाकुर भी भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं।

इसके अलावा भारतीय-ए टीम के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को भी मौका दिया गया है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह टेस्ट टीम में दो नए चेहरे हैं। जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और केएल राहुल अनुभवी खिलाड़ी हैं। इस दौरे के लिए बीसीसीआई ने अनुभवी प्लेयर्स के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों पर भी भरोसा जताया है। भारतीय टीम में छह मुख्य बल्लेबाज, दो विकेटकीपर बल्लेबाज, दो स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर, दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर और पांच मुख्य तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर है।

### सुदर्शन-अर्शदीप की एंट्री

टीम में सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की एंट्री हुई है। दोनों खिलाड़ी पहली बार टेस्ट टीम में चुने गए हैं। सुदर्शन और अर्शदीप दोनों इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

### करुण-शार्दुल की वापसी

मिडिल आर्डर बल्लेबाज करुण नायर और फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की भी टीम में वापसी हुई है। करुण ने अपना आखिरी टेस्ट मैच मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उसके बाद वो टीम से बाहर थे। जबकि शार्दुल ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट दिसंबर 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेला था।



### पंत बने उपकप्तान

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जसप्रीत बुमराह टीम के उप-कप्तान थे और उन्होंने उस दौरे पर दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की थी, लेकिन उन्हें अब इस रोल से मुक्त कर दिया गया है।

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

| दिनांक | प्रारुप | स्थान |
|---|---|---|
| 20-24 जून | टेस्ट | हेडिंग्ले, लीड्स |
| 2-6 जुलाई | टेस्ट | एजबेस्टन, बर्मिंघम |
| 10-14 जुलाई | टेस्ट | लॉर्ड्स, लंदन |
| 23-27 जुलाई | टेस्ट | ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर |
| 31 जुलाई से 4 अगस्त | टेस्ट | द ओवल, लंदन |

## अय्यर, सरफराज और शमी ड्रॉप

### श्रेयस अय्यर

श्रेयस अय्यर का पिछले सीजन घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन मिला-जुला रहा था। दलीप ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर ने इंडिया-डी की अगुवाई की। साथ ही रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए श्रेयस ने कुछ बेहतरीन पारियां खेली थीं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए मध्य क्रम में खुद को साबित किया और 5 मैचों में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए।

### सरफराज खान

घरेलू क्रिकेट में गदर काटने के बाद सरफराज खान को इंग्लैंड के खिलाफ साल 2024 में टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला। भारत में खेली गई इस सीरीज में सरफराज ने तीन टेस्ट मैच की पांच पारियों में 200 रन बनाए। इसमें नाबाद 68 रन की सर्वोच्च पारी भी शामिल रही। सरफराज ने कुल तीन अर्धशतक जमाए थे। हालांकि, वह इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए टीम का हिस्सा हैं।

### मोहम्मद शमी

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली। शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ 2012 से 2022 तक कुछ 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 27 पारियों में कुल 44 विकेट चटकाए। शमी ने 2014 से 2023 तक इंग्लैंड की धरती पर कुल 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 25 पारियों में उनके नाम कुल 42 विकेट दर्ज हैं। शमी के टीम से बाहर होने की प्रमुख वजह उनकी एड़ी की चोट है, जो इस सीजन आईपीएल में भी देखने को मिली है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
21 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### मणिपुर शुरुआती खेलो इंडिया ‘बीच गेम्स’ 2025 का बना चैंपियन

**दीव।** मणिपुर शनिवार को सबसे ज्यादा रजत पदक की बदौलत महाराष्ट्र और नगालैंड को पछाड़कर शुरुआती खेलो इंडिया ‘बीच गेम्स’ 2025 का चैंपियन बना। इन सभी तीनों टीम के पास पांच पांच स्वर्ण पदक थे लेकिन मणिपुर (6) ने महाराष्ट्र (5)और नगालैंड (3) से ज्यादा रजत पदक हासिल कर तालिका में शीर्ष पर रहकर खिताब जीता। नगालैंड खेलो इंडिया प्रतियोगिता में पहली दफा शीर्ष तीन में शामिल रहा जो उसके लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। हरियाणा और जम्मू कश्मीर ने संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। दोनों ने पांच स्वर्ण पदकों के अलावा एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। अगले नंबर पर दिल्ली रही जिसके खाते में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक रहे।

### हम अभी ऐसी हार को पसंद करेंगे : साल्ट

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार को सकारात्मक तरीके से लेते हुए कहा कि वे आईपीएल प्ले-ऑफ की बजाय लीग चरण में ऐसी हार पसंद करेंगे। जीत के लिए मिले 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट (62) और दिग्गज विराट कोहली (43) ने आरसीबी को आक्रामक शुरुआती दिलाई लेकिन टीम एक गेंद शेष रहते 189 रन पर आउट हो गई। आरसीबी पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है और सॉल्ट ने कहा कि हार से टीम की आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

### पाटीदार और कमिंस पर लगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था। पाटीदार पर दूसरी बार अपराध करने वाली आरसीबी की एकादश के सदस्य होने के कारण 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।


### किंग्स के टॉप-2 फिनिश की उम्मीदें कम, मुस्तफिजुर को 3 विकेट

# रिजवी और नायर ने कैपिटल्स को आखिरी मैच में दिलाई पंजाब पर जीत

भाषा ▸▸ जयपुर

युवा समीर रिजवी के पहले अर्धशतक और भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने वाले करूण नायर की उम्दा पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराकर शनिवार को आईपीएल के इस सत्र से जीत के साथ विदा ली। जीत के लिये 207 रन के कठिन लक्ष्य के जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में जीत हासिल कर ली। 21 वर्ष के रिजवी 25 गेंद में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं इंग्लैंड दौरे के लिये भारतीय टेस्ट टीम में चुने गए नायर ने 27 गेंद में 44 रन का योगदान दिया जिसमें दो छक्के और पांच चौके शामिल थे। पंजाब ने मार्कस स्टोइनिस और कप्तान श्रेयस अय्यर की आतिशी पारियों के दम पर आठ विकेट पर 206 रन बनाये थे। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली के लिये लक्ष्य कठिन लग रहा था लेकिन इंपैक्ट खिलाड़ी केएल राहुल (21 गेंद में 35 रन) और कार्यवाहक कप्तान फाफ डु प्लेसी (15 गेंद में 23 रन) ने टीम को अच्छी शुरूआत दी और छह ओवर के भीतर 55 रन जोड़े। राहुल ने अजमतुल्लाह उमरजई को चौका और हरप्रीत बरार को छक्का लगाया लेकिन मार्को यानसेन की आफ कटर पर शशांक सिंह को कैच दे बैठे। वहीं आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में लौटे नायर ने यानसेन को छक्का लगाकर पारी का आगाज किया। डु प्लेसी अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और प्रियांश आर्य को कैच देकर लौटे । नायर ने लेग स्पिनर प्रवीण दुबे को 11वें ओवर में लगातार चार चौके लगाये। नायर को बरार ने बोल्ड करके पवेलियन भेजा तो दिल्ली की जीत मुश्किल नजर आने लगी। इसके बाद हालांकि रिजवी ने मोर्चा संभाला और टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले स्टोइनिस के 16 गेंद में नाबाद 44 रन और अय्यर के आक्रामक अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आठ विकेट पर 206 रन बनाये।

अय्यर ने 34 गेंद में 53 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में चार छक्के और तीन चौके जड़कर पंजाब को 200 रन के पार पहुंचाया। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाली दिल्ली को पहली सफलता जल्दी ही मिली जब प्रियांश (छह) ने मुस्तफिजुर रहमान की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमा दिया। गेंद हवा में ऊपर उछली थी और स्टब्स ने कुछ कदम पीछे की ओर दौड़ते हुए यह कैच लपका।




### शीर्ष टीमों को मिल रही हार, चेन्नई के खिलाफ उलटफेर से बचेगा गुजरात

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स की टीम जब रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी निगाहें तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ के लिए तालिका में नियंत्रण बनाए हैं। सीएसके के खिलाफ जीत से उसके 20 अंक हो जाएंगे, इससे वह शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रहेगी और उसे फाइनल में जगह बनाने के दो मौके मिलेंगे। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सीएसके का ध्यान भविष्य की तैयारियों पर रहेगा क्योंकि इस सत्र में उसके लिए नतीजे मिले जुले रहे हैं और अब वह युवा खिलाड़ियों और अन्य संयोजनों को आजमाना चाहेगा। गुजरात टाइटन्स के लिए बल्लेबाजी में सफलता शीर्ष तीन खिलाड़ी शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। बटलर रविवार को टीम के आखिरी लीग मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के साथ होने लिए रवाना हो जाएंगे।

## श्रीकांत छह साल में पहली बार खेलेंगे बीडब्लूएफ टूर्नामेंट का कोई फाइनल

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्लूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी।

श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, ‘मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं।’ वह रविवार को होने वाले फाइनल में दूसरे वरीय चीन के लि शि फेंग से भिड़ेंगे। श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं।

## हसन ने फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने रचा इतिहास



**पेरिस।** बेंजामिन हसन ने ओपन युग में फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने वाले लेबनान का पहला टेनिस खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। तीस वर्षीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में शुक्रवार को जापान के जेम्स ट्रॉटर को 6-2, 7-6 से हराया। जर्मनी में जन्मे हसन ने पेरिस के क्ले कोर्ट पर क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में लगातार तीन मैच जीतकर फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में अपनी जगह पक्की की। दुनिया में 177वें नंबर पर काबिज हसन लेबनान टेनिस के लिए पहले भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। उनकी यह सफलता इस साल लेबनान की टेनिस के लिए दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले जनवरी में हादी हबीब (मौजूदा विश्व रैंकिंग 159) ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मैच जीता था।

उपलब्धि

## गिल को क्रिकेटर बनाने पिता ने छोड़ा गांव, 16 साल बाद बने टेस्ट कप्तान



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शुभमन गिल 20 जून को जब सफेद टी-शर्ट के ऊपर नीले (नेवी ब्लू) रंग के कोट में इंग्लैंड के लीड्स मैदान पर टॉस के लिए उतरेंगे तो उनके पिता लखविंदर सिंह गिल और दादा दीदार सिंह का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा क्योंकि उन्हें वर्षों की मेहनत का सुखद फल मिलेगा।

लखविंदर ने जब शुभमन के क्रिकेट कौशल को देखकर भारत और पाकिस्तान की सीमा से महज 10 किलोमीटर दूर पंजाब के फाजिल्का जिले के अपने गांव चाख खेरा वाला से मोहाली जाने का फैसला किया तो उनके पास कोई दूसरी योजना नहीं थी। शुभमन उस समय नौ साल के थे। उन्होंने उस उम्र तक सिर्फ एक ही ‘खिलौना’ खेला था और वह था उनके दादा से मिला बल्ला।

गिल की कहानी अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का पालन करने के बारे में ही है। इसके साथ ही यह एक ऐसे ही पिता की कहानी है जो अपने बेटे को भारतीय टीम में पहुंचाने के लिह कुछ भी कर गुजरने को तैयार थे। शुभमन इंग्लैंड दौरे पर जब भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तो यह लखविंदर के पिछले 16 साल की मेहनत का परिणाम होगा। यह जरूरी नहीं कि खेल से जुड़ी सभी कहानियां सहानुभूति भरी हों। वे जज्बे, उत्कृष्टता के प्रति जुनून और वर्षों तक एक परिवार के रूप में किए गए त्याग की कहानियां भी हो सकती हैं।

### शांभवी को स्वर्ण, ओजस्वी को रजत

**सुहल (जर्मनी)।** भारत की शांभवी क्षीरसागर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में शनिवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओजस्वी ठाकुर को रजत पदक मिला। भारत अब दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य के साथ शीर्ष पर है। शांभवी ने 24 शॉट के फाइनल में 253 स्कोर किया जबकि ओजस्वी उनसे 1.2 अंक पीछे रह गई। इटली की कार्लोटा सालाफिया को कांस्य पदक मिला। पुरूष पर्ग में खेलो इंडिया युवा खेलों के चैम्पियन नारायण प्रणव को कांस्य पदक मिला जिन्होंने फाइनल में 227.9 स्कोर किया। वह अमेरिका के ब्रेडेन पीसेन (250) और चीन के हुआंग लिवांलिन (250.3) से पीछे रहे। इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में उसने 632.1 स्कोर करके 77 खिलाड़ियों के बीच पहला स्थान हासिल किया था।

### टेस्ट टीम में चुना जाना ‘अविश्वसीनय’

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने शनिवार को इस मौके को ‘अविश्वसनीय’ करार देते हुए कहा कि यह तो महज शुरूआत है और उनकी ‘कहानी में अभी बहुत कुछ बाकी’ है। सुदर्शन को घरेलू क्रिकेट, मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन और उनकी तकनीक निपुर्णता के आधार पर भारतीय टीम में जगह दी गई। उनकी तकनीकी समझ इंग्लैंड में मददगार साबित हो सकती है। टीम में चयन की खबर मिलने पर सुदर्शन ने कहा, ‘मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के लिए देश के लिए खेलना ही बहुत बड़े सम्मान की बात है। यह बहुत शानदार, विशेष और अविश्वसनीय अहसास है। कोई भी खिलाड़ी जो क्रिकेट खेलना शुरू करता है, वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता है जो उसका अंतिम लक्ष्य होता है।’

### कैग्लियारी पर 2-0 से हराया

## नेपोली बना सिरी ए चैंपियन

एजेंसी ▸▸ रोम

स्कॉट मैकटोमिने और रोमेलु लुकाकू के गोल की बदौलत नेपोली ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सिरी ए में कैग्लियारी पर 2-0 की जीत के साथ तीन साल में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। नेपोली के कोच एंटोनियो कोन्टे इसके साथ ही तीन अलग-अलग टीमों के साथ सिरी ए चैंपियनशिप जीतने वाले पहले कोच बन गए।

मैकटोमिने ने मध्यांतर से पहले (42वें मिनट में) एक्रोबैटिक बाइसिकल किक से गोल किया जबकि लुकाकू ने 51 मिनट में गोल करके टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। नेपोली ने एक अंक के अंतर से इंटर मिलान को पछाड़कर यह खिताब जीता। नेपोली के 38 मैचों में 24 जीत से 82 अंक है जबकि मिलान के नाम इतने ही मैच और जीत से 81 अंक है। मिलान ने कोमो को 2-0 से हराया लेकिन यह टीम को खिताब दिलाने के लिए काफी नहीं था।

### मैकटोमिने और लुकाकू का गोल 38 मैचों में 24 जीत से 82 अंक



### कोच कोन्टे को दिया खिताब का श्रेय

नेपोली के कप्तान जियोवानी डि लोरेंजो ने इस खिताब का श्रेय कोच कोन्टे को देते हुए कहा, ‘इसमें सभी ने योगदान दिया लेकिन सबसे अधिक योगदान कोच का था।’ कोन्टे के कोच रहते युवेंटस और इंटर मिलान ने सीरी ए खिताब जीते हैं जबकि उनकी देखरेख में चेल्सी प्रीमियर लीग चैंपियन बना है। कोन्टे ने इस सभी खिताबों की तुलना में नेपोली के चैंपियन बनने को सबसे अप्रत्याशित करार दिया।

### चौथा सिरी-ए खिताब

नेपोली का यह चौथा सिरी ए खिताब है। दिग्गज डिएगो माराडोना ने 1987 और 1990 में नेपोली को उसके शुरुआती दो खिताब दिलाए थे। विक्टर ओसिमेन और ख्विचा क्वारात्सखेलिया की मौजूदगी वाली 2023 की टीम ने पांच राउंड शेष रहते ही खिताब जीत लिया।

### मुख्य कोच श्रीजेश के साथ मिलकर करेंगे काम

## लाकड़ा बने जूनियर पुरुष हॉकी टीम के सहायक कोच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शनिवार को बताया कि पूर्व डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है। पैतीस वर्षीय लाकड़ा पूर्व दिग्गज गोलकीपर और टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर काम करेंगे।

लाकड़ा ने कहा, ‘ऐसे महत्वपूर्ण समय में भारतीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे पता है कि भारत की जर्सी पहनने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं अब अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को बड़े मंच के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।श्रीजेश जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक रोमांचक चुनौती है। वह टीम के साथी और प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। हम आने वाले टूर्नामेंटों, खासकर इस साल के अंत में होने वाले सबसे महत्वपूर्ण जूनियर विश्व कप के लिए एक बेखौफ और अच्छी तरह से तैयार टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।’ भारतीय टीम 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर पुरुष विश्व कप के लिए तैयार कर रही है और उम्मीद है कि लाकड़ा टीम की रक्षापंक्ति को मजबूत करने के अलावा खेल के अन्य पहलुओं पर भी काम करेंगे।’



### बीरेंद्र का जुड़ना बड़ा कदम

श्रीजेश ने कहा, ‘बीरेंद्र का हमारे साथ जुड़ना एक बड़ा कदम है। वह अनुभव, रणनीतिक समझ और धैर्य का खजाना लेकर आए हैं। ये गुण इन युवा खिलाड़ियों के लिए अमूल्य होगा। हमने मैदान पर एक साथ कई मैच खेले हैं। मुझे विश्वास है कि हम कोच के रूप में इस नए अध्याय में समान तालमेल और प्रतिबद्धता लाएंगे। हम एक ऐसी टीम तैयार करना चाहते हैं जो देश को गौरवान्वित कर सके।’

### देश के विश्वसनीय डिफेंडर

लाकड़ा ने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और देश के सबसे विश्वसनीय डिफेंडरों में से एक बन कर उभरे। उन्होंने दो ओलंपिक खेलों लंदन 2012 और तोक्यो 2020 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। तोक्यो में भारत ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। वह इसके साथ ही एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे हैं।

**सोवियत संघ के समय से ही रूस वस्तुतः कश्मीर विवाद के जटिल प्रश्न पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को बिना किसी शर्त के एक तरफा समर्थन प्रदान करता आया है लेकिन हाल ही में हुए भारत-पाक सैन्य संघर्ष में रूस द्वारा दोनों देशों के मध्य तटस्थ रहकर द्विपक्षीय वार्ता को अंजाम देने की पेशकश की गई। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों के साथ अपने ताल्लुक़ात को रूस बराबरी के स्तर पर तवज्जो देता है। भारत कूटनीतिक तौर पर अमेरिका के निकट हुआ है, तभी से रूस का भारत के प्रति कूटनीतिक खिंचाव बढ़ता गया है। भारत पाक के बीच ताजा झड़प में हमें पता चला कि कौन हमारे साथ खड़ा है और कौन नहीं। दूसरी ओर, ईयू-यूके में हुए ताजे समझौते के बाद यूरोप को भारत की याद आ रही है। बदलते विश्व में भारत की बड़ी भूमिका होगी, बशर्ते हम पिछलग्गू ना बनें। हमें आत्मावलोकन करने की जरूरत है। बयानबाज़ी और कड़े तेवर नहीं, बल्कि विनम्रता और धैर्य इस नए दौर की राजनयिक मुद्रा होगी। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्व पटल पर निर्मित हो रहे सैन्य गठबंधनों पर विश्लेषण...**

# भारत-पाक सैन्य संघर्ष में कूटनीति का दीदार





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**भारत और पाक के मध्य सैन्य संघर्ष के दौर में भारत के प्रति रूस की कूटनीति का एकदम नया चेहरा उजागर हो गया। ऐतिहासिक रूप से दृष्टि डालें तो फिर सोवियत संघ के काल से ही तथा सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात के कालखंड में भी रूस कश्मीर विवाद पर भारत का समर्थन करता रहा है। उस वक्त के सोवियत संघ ने संपूर्ण कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया था। पहलगाम में जिहादी आक्रमण के बाद भारतीय सेना द्वारा पाक के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर रूस की भारत के प्रति व्यक्त की गई प्रतिक्रिया को बहुत सकारात्मक तौर पर नहीं देखा जा सकता है। सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी 20 समिट में भी राष्ट्रपति पुतिन ने शिरकत नहीं की।**

सिर्फ चार दिनों के भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान विश्व पटल पर भारत द्वारा कूटनीतिक कलाबाजियों और जटिलताओं का जबरदस्त दीदार किया गया। विश्व पटल पर बनते और बिगड़ते सैन्य गठबंधनों के दौर में परमाणु बमों से लैस दुनिया तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है। भारत और पाक के मध्य सैन्य संघर्ष के दौर में भारत के प्रति रूस की कूटनीति का एकदम नया चेहरा उजागर हो गया।

ऐतिहासिक रूप से दृष्टि डालें तो फिर सोवियत संघ के काल से ही तथा सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात के कालखंड में भी रूस वस्तुतः कश्मीर विवाद के जटिल प्रश्न पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को बिना किसी शर्त के एक तरफा समर्थन प्रदान करता रहा। वर्तमान भारत-पाक सैन्य संघर्ष में रूस द्वारा संघर्षरत दोनों देशों के मध्य तटस्थ रहकर द्विपक्षीय वार्ता अंजाम देने की पेशकश की गई। जब कभी भी भारत और रूस के कूटनीतिक संबंधों की चर्चा होती है तो फिर सोवियत संघ के दौर वाली गर्म जोशी को प्रायः भारतवासी याद किया करते हैं। शीत युद्ध के दौर में कश्मीर विवाद पर अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा सदैव पाकिस्तान का पक्ष लिया गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में सोवियत संघ ही एकमात्र देश था, जिसने कि सन् 1957, 1962 और 1971 में कश्मीर विवाद में संयुक्त राष्ट्र की दखलंदाजी वाले पश्चिमी देशों के प्रस्ताव को वीटो करके निरस्त कर दिया था। उस वक्त के सोवियत संघ ने संपूर्ण कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया था।

## रूस की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक नहीं

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के विरुद्ध पेश किए गए प्रस्तावों को रूस द्वारा कुल मिलाकर छह बार वीटो करके निरस्त किया गया। इनमें रूस द्वारा किए गए अधिकतर वीटो कश्मीर विवाद में संयुक्त राष्ट्र की दखलअंदाजी को लेकर थे। सन् 2019 में जब भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रांत का विशेष दर्जा समाप्त करने का ऐलान किया था, तब भी प्रेसिडेंट पुतिन की रूसी सरकार ने भारत का खुलकर समर्थन किया था। लेकिन पहलगाम में अंजाम दिए गए नृशंस जिहादी आक्रमण के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई को लेकर रूस की भारत के प्रति व्यक्त की गई प्रतिक्रिया को बहुत सकारात्मक तौर पर नहीं देखा जा सकता है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने फरमाया था कि भारत हमारा रणनीतिक पार्टनर है और पाकिस्तान भी हमारा राजनीतिक पार्टनर है। दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों के साथ अपने ताल्लुक़ात को रूस बराबरी के स्तर पर अपनी तवज्जो प्रदान करता है। राष्ट्रपति पुतिन का भारत का सरकारी दौरा दिसंबर 2021 में संपन्न हुआ था। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के तत्पश्चात पुतिन भारत नहीं पधारे हैं। दूसरी तरफ राष्ट्रपति पुतिन दो दफा चीन का शासकीय दौरा कर चुके हैं। इस दौरान वह अन्य देशों का भी दौरा करते रहे हैं। यहां तक कि सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी 20 समिट में भी राष्ट्रपति पुतिन ने शिरकत नहीं की। भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौर में जब पाकिस्तान को प्रेसिडेंट शी जिनपिंग का चीन खुलकर समर्थन प्रदान कर रहा था तो भारत की तरफ से यह उम्मीद व्यक्त की जाती रही कि रूस द्वारा भारत का खुलकर समर्थन किया जाना चाहिए। भारत और रूस के ताल्लुक़ात यकीनन अब पहले जैसे कदाचित नहीं रहे हैं। जब से भारत कूटनीतिक तौर पर अमेरिका के निकट हुआ है, तभी से रूस का भारत के प्रति कूटनीतिक खिंचाव बढ़ता गया है।

## रूस से सैन्य हथियारों का आयात कम

सन् 2009 से लेकर सन् 2013 के मध्य रूस से भारत को हथियारों का आयात तकरीबन 76 फीसदी था, लेकिन 2019 से 2023 के मध्य रूस से सैन्य हथियारों के आयात में 36 फीसदी की गिरावट आई है। सैन्य हथियारों के लिए भारत की निर्भरता अमेरिका एवं पश्चिमी देशों पर बढ़ गई है। भारत द्वारा रूस से अपेक्षाकृत सस्ता तेल आयात करने में काफी वृद्धि नजर आई। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत द्वारा रूस के प्रति एक तरफा समर्थन व्यक्त नहीं किया गया, बल्कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने कूटनीतिक मध्यस्थता का प्रस्ताव पेश किया। ठीक ऐसा ही रवैया रूस द्वारा भारत-पाक सैन्य संघर्ष में भारत के प्रति अपनाया गया है जबकि रूस ने भी कश्मीर विवाद पर भारत-पाक के मध्य मध्यस्थता करने का प्रस्ताव पेश किया है। शीत युद्ध के नए दौर में रूस बहुत संभल कर कदम उठा रहा है। रूस वस्तुतः चीन का अत्यंत निकट राजनीतिक और रणनीतिक पार्टनर बन गया है। चीन के विरुद्ध किसी सैन्य संघर्ष में सन्नद होकर रूस वस्तुतः भारत के साथ कदाचित खड़ा नहीं होगा। पाकिस्तान के विरुद्ध सन् 1971 की बांग्लादेश जंग में रूस भारत के पक्ष में खुलकर सैन्य तौर पर खड़ा हुआ था। लेकिन अब तो दुनिया बहुत बदल चुकी है। पाकिस्तान के ताल्लुक़ात अमेरिका और पश्चिमी जगत से पहले की तरह कायम नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि रूस की नजदीकियां पाकिस्तान के साथ निरंतर बढ़ रही है।

## भारत और अमेरिका में नजदीकियां बढ़ीं

अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत से प्रतिबंध हटा लेने के बाद रूस अब पाकिस्तान की मदद से अफगानिस्तान में अपने पैर जमाना चाहता है। 9/11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर जिहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका के मध्य नजदीकियां बढ़ीं। अंतरराष्ट्रीय जिहादी आतंकवाद पर भारत और अमेरिका प्रायः एकजुट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त 2021 में जब अमेरिकन सेना अफगानिस्तान से पलायन कर रही थी, तब काबुल एयरपोर्ट पर एक आत्मघाती हमला अंजाम दिया गया। इस आत्मघाती हमले में तेरह अमेरिकी सैनिक मारे गए और सौ अफगान नागरिक हलाक किए गए। अमेरिका सरकार के मुताबिक इस आतंकवादी आक्रमण के मास्टरमाइंड मोहम्मद शरीफुल्ला को पाकिस्तान की सक्रिय मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। जिहादी आतंकवादी मोहम्मद शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी पर प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से पाकिस्तान हुकूमत का शुक्रिया अदा किया, उससे यह पैगाम दिया गया कि पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध विश्वव्यापी युद्ध में अमेरिका के साथ शामिल हो गया है और इसको पराजित करने में अमेरिका की इमदाद भी कर रहा है।

## जिहादी आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति

विगत दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था, तब दोनों मुल्कों की तरफ से संयुक्त बयान जारी किया गया। बयान के तहत बाकायदा पाकिस्तान का नाम लेकर कहा गया कि पाकिस्तान को मुंबई के 26/11 के आतंकवादी आक्रमण की साजिश रचने वालों को तत्काल न्यायिक कटघरे में लाया जाना चाहिए। भारत और अमेरिका ने अपने साझा बयान में यह भी कहा कि दोनों देशों के नेताओं द्वारा वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध में निरंतर जंग जारी रखने की सहमति व्यक्त की गई है। दुनिया के हर कोने से आतंकवाद को खत्म कर देने के लिए भारत और अमेरिका ने प्रतिबद्धता प्रकट की है। दोनों देशों ने जिहादी आतंकवादी गिरोहों क्रमशः अलकायदा, जैश ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा और आईएसआईएस के विरुद्ध पर परस्पर सहयोग बढ़ाने पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। वैश्विक जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध अमेरिका सदैव से ही पाखंड पूर्ण दोहरी नीति अपनाता आया है। वैश्विक आतंकवाद को गुड टैरेरिज्म और बैड टैरेरिज्म के मध्य तकसीम करता रहा है। अमेरिका भी वैश्विक आतंकवाद को सिर्फ अपने खुदगर्ज चश्मे से निहारता है। यानी अमेरिका को जो नुकसान पहुंचाए वह तो आतंकवाद है और जो भारत को अथवा किसी अन्य देशों को क्षति पहुंचाए वह आतंकवाद नहीं है। अभी सीरिया को ही देख लें कि बशर-अल-असद को सत्ता से बेदखल करके किस तरह से एक करोड़ डॉलर के इनाम याफ्ता जिहादी आतंकवादी सरगना मोहम्मद अल जुलानी को अमेरिका द्वारा सत्तासीन कराया गया है। पाकिस्तान सदैव से ही अमेरिका का फ्रंटलाइन स्टेट बना रहा है। कुछ लोग उम्मीद बांधे हुए थे कि प्रेसिडेंट ट्रंप प्रशासन पाकिस्तानी फौज पर लगाम कसेगा और इमरान की रिहाई के लिए दबाव डालेगा। लेकिन जिहादी आतंकवादी शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी से अमेरिका और पाकिस्तान के मध्य प्रबल सहयोग बनता हुआ प्रतीत हो रहा है। अमेरिका अभी तानाशाह पाकिस्तानी फौज पर अपना पूरा एतमाद रखता है। अमेरिकन सरकार का स्पष्ट नजरिया है कि पाकिस्तान अभी कुछ मोर्चेबंदी पर उसके लिए बड़ा मददगार साबित हो सकता है। वह पाकिस्तान को चीन के सैन्य गुट में शामिल हो जाने से भी रोकना चाहता है। भारत के प्रति कूटनीतिक निकटता होते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य संघर्ष के दौर में अमेरिका और पाकिस्तान को एक ही तराजू में तोला है। पाकिस्तान को उसके एफ-16 प्रोग्राम को बाकायदा चलाए रखने के लिए 3.97 करोड़ डॉलर प्रदान करने का ऐलान कर दिया गया। जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने 90 दिनों तक किसी तरह की विदेशी मदद स्थगित करने का ऐलान किया था। उस वक्त प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा यह उदारता पाकिस्तान के प्रति दिखाई गई और इसी रोज भारत की चार कंपनियों पर अमेरिका ने प्रतिबंध भी आयद कर दिया। अमेरिकन सरकार का कहना है कि भारत की इन चार कंपनियों से ईरान को इमदाद मिल रही थी।

## कूटनीतिक कलाबाजियों के मध्य राह बनाए भारत

कूटनीति के अन्य पहलुओं पर नजर डालें तो चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति जताई गई है। भारत सदैव से ही पाकिस्तान-चीन इकोनामिक कॉरिडोर की प्रबल मुखालफत करता रहा है, क्योंकि यह आर्थिक गलियारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और भारत वस्तुतः पाक अधिकृत कश्मीर को अपना अभिन्न अंग करार देता है। चीन इस कूटनीतिक कोशिश में है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मध्य शत्रुता खत्म हो जाए ताकि चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव परियोजना का विस्तार अफगानिस्तान तक किया जा सके। भारत-पाक सैन्य संघर्ष ने हमें सिखा दिया है कि प्रत्येक राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हितों को ही प्राथमिकता प्रदान करता है। प्रेसिडेंट पुतिन का वर्तमान रूस भी हमारा बहुत भरोसेमंद मित्र नहीं रह गया है। बहुत कोशिशों के बावजूद अमेरिका भी भारत का विश्वसनीय सहयोगी राष्ट्र नहीं रहा है। विस्तारवादी चीन तो खुलकर सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान के साथ सन्नद होकर खड़ा ही रहा। दो शक्तिशाली सैन्य ध्रुवों और जटिल कूटनीतिक कलाबाजियों के मध्य से भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की राह निर्मित करनी है।

# ट्रंप बदले तो यूरोप को आई भारत की याद



कूटनीति
ओंकारेश्वर पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार व रणनीतिकार

बीते हफ्ते जब भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बारूदी गुबार के बाद जीत-हार के दावे और नुकसान के आकलन कर रहे थे और वाशिंगटन में बैठे राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार सीज फायर कराने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे, ठीक उसी समय ब्रुसेल्स में यूरोप और ब्रिटेन इतिहास के एक नये अध्याय पर हस्ताक्षर कर रहे थे। एक ऐसा इतिहास जो खामोशी से एक ध्रुवीय विश्व को बहुध्रुवीय दुनिया की तरफ ले जा रहा था। 19 मई 2025 को ब्रुसेल्स की सर्द हवाओं में यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने जो रणनीतिक समझौता किया, उसमें सुरक्षा, रक्षा, यूक्रेन समर्थन, प्रवास, जलवायु, शिक्षा और व्यापार तो शामिल था ही, इसमें अमेरिकी छत्रछाया से इतर एक नया यूरोप बनाने की दृढ़ इच्छा शक्ति की झलक भी थी। यह समझौता महीनों की उस गोपनीय बातचीत का नतीजा था, जो जनवरी 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप की दी हुई अपमानजनक उपेक्षा और अवहेलना से शुरू हुई थी। यह ब्रेक्सिट के पुराने जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि यूरोप की उस जिद का प्रतीक था, जो अब अमेरिका के तलाकनामे के बाद अपनी नई राह तलाश रही है। इस साल की शुरुआत में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दोबारा कदम रखा, तो शायद उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनका तमाशा विश्व मंच पर एक नयी पटकथा लिख देगा। एक ऐसी पटकथा, जिसमें दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका खुद अकेला पड़ता जायेगा, तो वहीं इस राह पर कदम बढ़ाते यूरोप को रूस और चीन से अलग भारत की याद आएगी, उस भारत की जिसने नेहरु के जमाने से ही गुट निरपेक्षता की राह पकड़ी थी। आज यूरोप को लग रहा है कि नेहरु के रास्ते ठीक थे, उसने अमेरिका पर निर्भर रहकर कई दशक गंवा दिये।

## ट्रम्प के बयान से बदली दिशा

शायद ट्रंप को अंदाज़ा भी नहीं होगा कि यूरोप के प्रति उनके जहरीले बयान विश्व राजनीति की दशा और दिशा ही बदल देंगे। 20 जनवरी 2025 को, वाशिंगटन डीसी में ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ ली। इसके बाद, 15 मार्च 2025 को पेन्सिलवेनिया की एक रैली में उन्होंने नाटो को "बेकार का बोझ" ठहराया और यूरोप को "अमेरिकी खजाने पर पलने वाला मेहमान" बताया। 10 अप्रैल 2025 को टेक्सास में रूढ़िवादी दानदाताओं के सामने उन्होंने ईयू के ग्रीन डील को "आर्थिक हत्या" करार दिया, यह कहते हुए कि "अमेरिकी मज़दूर यूरोप के जलवायु सपनों का बोझ क्यों उठाए?" ट्रंप के ये तीखे बयान कोई तात्कालिक तुनकमिजाजी नहीं थे। राष्ट्रपति के रूप में उनका पहला कार्यकाल (2017–2021) भी इसी तरह के तानों से भरा था, जब उन्होंने नाटो को "पुराना ढाँचा" कहा, जर्मनी को "रूस का गुलाम" बताया, और ईयू को अमेरिका का "लाभ उठाने वाला" करार दिया। अब, 2025 में, इससे मर्माहत और तिलमिलाये यूरोप की आँखों में रोष है, मुट्ठियाँ बँधी हैं, और इरादे पक्के।

## यूरोप की कलम में जागा विद्रोह

ट्रम्प के अपमान भरे बयानों ने यूरोप के गौरव को ललकारा, तो यूरोप की कलम ने विद्रोह की स्याही से जवाब लिखा। 5 मई 2025 को, फ्रांस के




अखबार ले मॉन्ड ने अपने संपादकीय में लिखा, "ट्रम्प ने साफ कर दिया कि यूरोप उनके लिए एक पुराना कोट है, जिसे वे कबाड़खाने में फेंकने को तैयार हैं।" जर्मनी के डेर स्पीगल ने तंज कसा, "ट्रम्प हमें इसलिए नीचा दिखाते हैं, क्योंकि वे शक्ति को केवल बम-बारूद में देखते हैं। मगर यूरोप की ताकत उसकी कूटनीति, उसकी स्थिरता, उसका धैर्य है।" 15 अप्रैल 2025 को, ब्रुसेल्स में यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स (ईसीएफआर) ने अपने पेपर नो लॉन्गर पार्टनर्सः ए पोस्ट-अटलांटिक यूरोप में ऐलान किया कि "स्वायत्तता अब सपना नहीं, बल्कि ज़रूरत है।" तथ्य यह है कि यूरोप और अमेरिका कभी विश्व मंच के दो जिगरी दोस्त थे। 1949 में दोनों ने मिलकर नाटो की नींव रखी, मार्शल प्लान (1948–1952) के ज़रिए यूरोप का पुनर्निर्माण किया। 11 सितंबर 2001 को, 9/11 हमलों के बाद नाटो ने पहली बार आर्टिकल 5 लागू किया, और यूरोप के सैनिक अफगानिस्तान में अमेरिका के साथ लड़े। 2008 के आर्थिक संकट में, यूरोपीय बैंकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के साथ मिलकर वैश्विक बाजारों को संभाला। मगर ट्रम्प के लिए ये सब पुरानी कहानियाँ हैं, जिन्हें वे लेन-देन के बहीखाते में बदलना चाहते हैं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में तो उनके तेवर यूरोप ने सह लिए। पर दूसरी बार भी वाशिंगटन का यही रवैया रहा, तो आहत ब्रुसेल्स और लंदन ने एक नया गीत लिख डाला, जिसे 19 मई 2025 को गाया गया। हालांकि इसका अभ्यास जनवरी 2025 से ही गोपनीय रूप से चल रहा था। यह ब्रेक्सिट की कड़वाहट को भुलाने का प्रयास भर नहीं है, बल्कि एक नया रिश्ता है जिसमें दो पुराने दोस्त नाराज़गी भुलाकर बराबरी के साथ गले मिल रहे हैं। याद रहे कि ब्रिटेन में कीर स्टार्मर की लेबर सरकार ने जुलाई 2024 में सत्ता संभालते ही यूरोप की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। 15 अक्टूबर 2024 को, लंदन और बर्लिन ने ट्रिनिटी हाउस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो एक ऐतिहासिक रक्षा सहयोग था। 1 नवंबर 2024 को, पोलैंड के साथ "विशेष साझेदारी" की योजना शुरू हुई। ट्रम्प के टेढ़े तेवरों से तिलमिलाये यूरोप ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा दिये हैं।

## ईयू-यूके में समझौता

ईयू-यूके समझौता एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का विश्व, जो अमेरिका के इर्द-गिर्द घूमता था, अब बदल रहा है। यह समझौता कोई रीसेट नहीं, बल्कि एक हिसाब है। ट्रम्प के फैसलों ने यूरोप को करारा झटका और सदियों का सबक दिया है। इसीलिए उसे इंडिया की याद आ रही है। सवाल है कि क्या भारत तैयार है? जवाब तभी मिलेगा जब भारत संप्रभुता, सौम्यता और रणनीतिक गहराई के साथ कूटनीति करे। भारत को एक गंभीर, एकजुट, मजबूत और दूरदर्शी राष्ट्र की भूमिका निभानी होगी। इससे भी जरूरी है कि हम किसी देश के पिछलग्गू ना बनें। ट्रंप की दोस्ती ने भारत को कहीं का नहीं छोड़ा है। बेहतर हो कि हम गुट निरपेक्ष ही रहें। क्योंकि यह नया युग है। इसमें कोई एक ध्रुव नहीं, बल्कि कई केंद्र हैं। कूटनीति की सफलता विनम्रता से होती है, न जोर-जबरदस्ती और ना ही लप्पी-झप्पी से। भारत पाक के बीच ताजा झड़प में हमने देख लिया कि कौन हमारे साथ खड़ा है। हमें आत्मावलोकन करना होगा। बयानबाज़ी और कड़े तेवर नहीं, बल्कि विनम्रता और धैर्य इस नए दौर की राजनयिक मुद्रा होगी। ये कहना ठीक है कि हमें दोस्त चाहिए, लेकिन ये कहना कि हमें उपदेश देने वाले नहीं चाहिए, राजनय की भाषा नहीं हो सकती। बेहतर डिप्लोमेसी खामोशी और मधुरता से होती है। एक अच्छा कूटनीतिज्ञ वह होता है जो तब भी एक दुश्मन का मित्र बना रहे, जब वह उसे नष्ट करने की योजना बना रहा हो। विंस्टन चर्चिल ने कहा था कि कूटनीति लोगों को नरक में जाने के लिए इस तरह से कहने की कला है, कि वे रास्ते पूछें।

# अंतरिक्ष से युद्ध की आशंका में डरे अंकल सैम



अमेरिका
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

युद्ध के बढ़ते वैश्विक खतरों और अत्याधुनिक हथियारों के प्रयोग की प्रतिस्पर्धा में दुनिया की महाशक्ति माना जाने वाला देश अमेरिका शायद भयभीत है। उसका यह भय भारत द्वारा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर किए गए सटीक ड्रोन और मिसाइल हमलों के परिप्रेक्ष्य में भी हो सकता है क्योंकि इस हमले और रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमास के युद्धों में भी जमीन से कहीं ज्यादा आसमान के जरिए लड़ाई लड़ी जा रही है। हालांकि अमेरिका को चीन के अलावा एशिया में किसी देश से खतरा नहीं है। अमेरिका की यौद्धिक क्षमता किसी भी देश पर भारी पड़ सकती है। ज्यादातर पश्चिमी देश भी उसके मददगार हैं। लेकिन जिस तरह से दुनिया में विश्वयुद्ध के हालात बन रहे हैं और भविष्य में अंतरिक्ष से युद्ध लड़े जाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं, उस स्थिति में यदि हमलों की बाढ़ आ जाए तो अमेरिकी रक्षा प्रणाली कमजोर साबित हो सकती है।

## कई देश परमाणु शक्ति संपन्न

दरअसल दुनिया के अनेक परमाणु शक्ति संपन्न देशों ने ऐसे हथियार विकसित कर लिए हैं, जिनसे दुनिया के किसी भी दूर देश पर आक्रमण करना आसान हो गया है। यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसी अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली निर्मित करने के लिए हरी झंडी दे दी है, जो अंतरिक्ष, भूमि और समुद्र तीनों जगह से युद्ध करने के साथ दूसरे देशों से छोड़े गए हथियारों को निष्क्रिय करने में सक्षम हो। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो शत्रु की मिसाइल को छोड़ने के साथ ही पकड़ लेगी और वायु मार्ग में ही नष्ट कर देगी। इसे 'गोल्डन डोम' नाम दिया गया है। ट्रंप ने एक वीडियो संदेश जारी करके दावा किया है कि यह विलक्षण प्रौद्योगिकी कुछ ऐसी विचित्र होगी, जो केवल अमेरिका के पास ही होगी।

अमेरिका ने वर्तमान में देश से बाहर अनेक स्थलों पर थल, जल और वायु सेना के लिए आधार शिविर बनाए हुए हैं। बावजूद कई ऐसे क्षेत्र भी हैं, जो अमेरिकी सेनाओं के लिए अबूझ हैं। दुश्मन देश इन क्षेत्रों की पहचान कर आसानी से राडार की नजर में नहीं आने वाले हथियारों से उसे निशाना बना सकते है। क्योंकि अमेरिका के पास फिलहाल ऐसी कोई सुरक्षा प्रणाली नहीं है, जिसके जरिए वह हाईपर सोनिक मिसाइलों और ड्रोन हमलों की बाढ़ का सामना कर सके। अंतरिक्ष हमलों से रक्षा के लिए अमेरिका के पास मिसाइल सुरक्षा प्रणाली जरूर है, इनमें पेट्रियट, नाइकी हरक्यूलीज और टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया सुरक्षा प्रणालियां प्रमुख हैं।

## ट्रंप का मिसाइल डिफेंस सिस्टम

ये उपकरण कई ईकाइयों में विभाजित हैं। इसलिए अमेरिका इस बिखरी हुई क्षमता को उत्तम नहीं मानता है। इसलिए ट्रंप ने गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम निर्माण करने का ऐलान किया है। यह अंतरिक्ष समेत दुनिया में कहीं से भी दागी गईं सभी प्रकार की मिसाइलों को नष्ट करने में समर्थ होगा। अमेरिका इस प्रणाली को बनाने में सफल हो जाता है तो दुनिया का वह ऐसा एकमात्र देश होगा, जिसके पास इतना मजबूत सुरक्षा कवच



होगा। अमेरिका, उत्तर कोरिया, चीन, रूस और ईरान को खतरनाक प्रतिद्वंद्वी के रूप में महसूस करता है, इसलिए उसने डोम मनाने का निर्णय लिया है। दरअसल इन देशों ने अत्यंत घातक मार करने वाली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें विकसित कर ली हैं, जिनके दायरे में अमेरिका के प्रमुख सैन्य ठिकाने और महानगर आ गए हैं। भारत के पास ऐसे ही हमलों से बचने के लिए एस-400 सुरक्षा प्रणाली हैं, इसी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को आसमान में ही नाकाम कर दिया था। अमेरिका का गोल्डन डोम इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। एलन मस्क इसके निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

यह डोम बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलों को चार चरणों में रोकने में समर्थ होगा। एक, प्रक्षेपित करने के समय ही पहचान कर नष्ट कर देना। दो, प्रक्षेपण के आरंभिक चरण में ही रोककर नष्ट करना। तीन, हवा में नष्ट कर देना और चार निशाना बनाने के ठीक पहले तबाह कर देना। दुनिया की इस सबसे महंगी अंतरिक्ष सुरक्षा प्रणाली में मिसाइल युक्त उपग्रह और इंटरसेप्टर लेजर नेटवर्क जुड़ा होगा। गोल्डन डोम की लागत दो दशक में 71.46 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। चीन और रूस ऐसे उपकरणों से जुड़े हुए सेटेलाइट पहले ही तैनात कर चुके हैं। इनमें अमेरिकी उपग्रह नष्ट करने की क्षमता है। अमेरिका ने एक साल पहले ऐसा दावा किया था कि रूस ऐसा परमाणु हथियार बना रहा है, जो अंतरिक्ष में मंडराते हुए विस्फोट कर उसके आसपास के उपग्रहों को नष्ट कर सकता है। हालांकि रूस और चीन ने इस गोल्डन डोम के निर्माण के ऐलान के साथ ही कहा है कि यह उपाय अस्थिरता पैदा करने वाला होगा।

गोल्डन डोम अंतरिक्ष में हथियार रखने का स्थल बनाने के साथ टकराव के नए हालात पैदा कर सकता है। आजकल इजरायल और फिलिस्तीन समर्थक आतंकवादी संगठन हमास के बीच युद्ध चल रहा है। दुनिया ने करीब एक साल पहले देखा था कि आतंकी पैराग्लाइडिंग पर सवार होकर इजरायल की सीमा में घुसे और हजारों मिसाइलों से इजरायल पर हमला बोल दिया था। मिसाइलों के हवाई हमले से बचने के लिए इजरायल ने आयरन डोम अर्थात इस्पाती छत्र विकसित किया हुआ है। लेकिन इस बार यह डोम हमास की मिसाइलों को आसमान में ही ध्वस्त करने में असफल रहा था। दरअसल इसके सॉफ्टवेयर अपडेट किए जाते रहे थे, लेकिन हार्डवेयर अद्यतन नहीं किया गया। नतीजतन आयरन डोम नाम की यह हवाई सुरक्षा प्रणाली अपना लक्ष्य नहीं साध पाई। इसके नाकाम रहने का एक कारण यह भी रहा कि आतंकियों ने एक साथ पांच हजार मिसाइलें दाग दी थीं। जबकि इसकी क्षमता दो हजार मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने की है। इसका उद्देश्य हवाई हमलों को हवा में ही रोकना है।

## आयरन डोम का करिश्मा

इस डोम को दुनिया का सबसे भरोसेमंद हवाई हथियार माना जाता है। 2021 में 11 दिन तक चले खूनी संघर्ष में इस डोम ने हवा में दुश्मन की मिसाइलों को मार गिराने का करिश्मा दिखाया था। दरअसल, इजरायल ने अपने प्रमुख नगर तेल अवीव के चारों ओर पांच इस्पाती छत्र स्थापित किए हुए हैं। ये दागी गईं मिसाइल का पता करके उसे वायुमंडल में ही ध्वस्त कर देते हैं। ये अमेरिका की आर्थिक और तकनीक मदद से 2011 में निर्मित करके सक्रिय कर दिए गए थे। ये लड़ाकू विमान और ड्रोण से छोड़ी जाने वाले मिसाइलों को भी निशाना बनाने में सक्षम हैं। इसमें तामीर इंटरसेप्ट मिसाइलें लगी हैं, जो गाजा पट्टी से होने वाले हवाई हमले के समय स्वयंमेव सक्रिय होकर प्रतिशोध ले लेती हैं। अतएव लगता है कि युद्ध संबंधी इस क्षमता और सामर्थ्य से घबराकर अमेरिका ने गोल्डन डोम बनाने का फैसला लिया है।

# आंधी के साथ दिल्ली- एनसीआर में बरसे बदरा, तेज हवाएं भी चलीं

## गर्मी से मिली लोगों को राहत, लेकिन जनजीवन हो गया अस्त-व्यस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई वहीं, दूसरी तरफ इसके साथ आई तेज आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दिल्ली-एनसीआर में फिर मौसम बिगड़ा। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बारिश और 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की संभावना जताई थी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**यहां फिर बिगड़ा मौसम**
**यलो अलर्ट**



### मई बिना लू के गुजर रहा

दिल्ली में इस साल मई का महीना बिना लू वाले दिनों के समाप्त हो सकता है। इस साल मई में अब तक एक दिन भी लू नहीं चली है, आगे भी संभावना नहीं है। जबकि मई के महीने में सूरज आग बरसाता है और लू की स्थिति बनती है। वर्ष 2024 में मई के महीने में 6 दिन लू वाले रहे थे। 26 से 31 मई तक तापमान 45 और 46 डिग्री के बीच रहा था जबकि इस साल 16 मई को ही तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 21 मई से तापमान में कमी देखी जा रही है।

### अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियां शुरू होंगी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 24 को हल्की बारिश व तेज हवाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस कारण शनिवार को तापमान 37-38 डिग्री के बीच बना रहेगा। 25 व 26 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 27 व 28 को हल्की बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं 29 मई को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान 37-40 डिग्री के बीच बना रहेगा। अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियों के बढ़ने की संभावना है।

**केदारघाटी में बारिश ने मचाया कोहराम**

## सात वाहन बहकर मंदाकिनी तक पहुंचे

**रुद्रप्रयाग।** यहां शुक्रवार देर रात्रि को अगस्तमुनि समेत केदारघाटी में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई, जिससे विजयनगर गदेरा ऊफान पर आ गया, लेकिन गदेरा चोक होने से 7 दोपहिया वाहन बह गए, जो मंदाकिनी नदी तक पहुंच गए। वहीं प्रशासन व पालिका ने गदेरे में अतिक्रमण को लेकर सभाषद के पिता पर 4 हजार का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार रात को अगस्त्यमुनि में काफी तेज बारिश हुई, जिससे नगर पंचायत के अंतर्गत विजयनगर गदेरा उफान पर आ गया। जिससे गदेरे के आस पास खड़ी 6 बाइक और 1स्कूटी बह गई। बताया जा रहा है कि गदेरे में आने वाला पानी अतिक्रमण के चलते रुक गया और फिर अचानक तेजी से आ गया, जिससे गदेरे के आस पास खड़ी बाइक बह गई।



**सभी वाहन क्षतिग्रस्त पानी को रोका**

सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार प्रणव पांडे समेत उनकी टीम नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी निकिता भट्ट भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गदेरे में मलबा डाला जा रहा है, जिससे पानी में अवरोध पैदा हो गया।

## खबर संक्षेप

### जुबान काटने की धमकी, 2 गिरफ्तार

**बरेली।** यूपी के बरेली में दो स्थानीय युवकों को शनिवार को सोशल मीडिया पर देशविरोधी वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। युवकों के नाम इरफान और वाजिद शाह बताया गया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था जिसमें 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में लोगों की जुबान काटने की धमकी दी थी।




### आंध्र प्रदेश में ट्रक और कार की टक्कर में 4 की मौत

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में शनिवार सुबह एक ट्रक के कार से टकरा जाने की घटना में 2 बच्चों समेत 4लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु के सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रीकांत अपने परिवार के साथ चिंतापुट्टायपल्ली गांव जा रहे थे। सुबह गुव्वलचेरुवु घाट रोड पर यह हादसा हुआ।



### कोणार्क मंदिर के गर्भगृह से हटाई जाएगी रेत

**भुवनेश्वर।** कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर के गर्भगृह में भरी रेत को जल्द ही हटा दिया जाएगा। एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने शनिवार को कोणार्क सूर्य मंदिर का निरीक्षण किया है। उनके साथ 15 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम भी थी। टीम ने सूर्य मंदिर के संरक्षण और गर्भगृह से रेत हटाने पर विस्तार से चर्चा की।



### अब तिहाड़ के कैदी बनाएंगे शूज-चप्पलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब तिहाड़ जेल में बंद कैदी रोजाना उपयोगी सामान का निर्माण खुद ही करेंगे। इसके लिए तिहाड़ जेल प्रशासन इन हाउस यूनिट लगवाएगा। चप्पल, टूथपेस्ट और अंडरवियर से लेकर ये सभी सामान तिहाड़ जेल के कैदी बनाएंगे।



**ऑपरेशन सिंदूर के महत्व को उजागर किया**

## भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के कई राजनीतिक और सरकारी क्षेत्र के लोगों से की मुलाकात

# आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया

वैश्विक समुदाय भी आतंक के विरोध में एकजुट हो आतंकवादी हमले का दृढ़ और तीव्र जवाब देंगे

- भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यह स्पष्ट किया कि वह सीमापार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा और वैश्विक समुदाय से भी इसी तरह की एकजुटता की अपेक्षा करता है

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय दूतावास (इंडिया हाउस) में जापान के राजनीतिक, सरकारी और शैक्षणिक क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहिष्णुता) नीति की जानकारी दी और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व को उजागर किया। यह दौरा भारत के वैश्विक कूटनीतिक अभियान का हिस्सा है, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामने लाया जा रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी और बृज लाल, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) के राज्यसभा सांसद जॉन बरिटास और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल थे।



### आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

टोक्यो में सांसदों ने बताया कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करता और सभी दल राष्ट्रीय हित के मामलों में एकजुट हैं। इंडिया हाउस में आयोजित रात्रिभोज के दौरान भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान के राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा हुई, जिसमें भारत के एकीकृत और स्पष्ट रुख को सामने रखा गया। भारतीय सांसदों ने जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

### आतंकवाद के विरुद्ध जापान ने दिया समर्थन

*इस बैठक में लीग के अध्यक्ष यासुतोशी निशिमुरा ने भारत के संकल्प को समर्थन दिया और आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के साझा नजरिए को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल ने जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी भेंट की, जिन्होंने भारत के साथ एकजुटता जताई। इस दौरे के जरिए भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह सीमापार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा।*

### आतंकवाद पागल कुत्ता, पाक उसका हैंडलर: टीएमसी सांसद बेनर्जी

टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं और अब हमने वो भाषा सीख ली है, जिससे पाकिस्तान समझता है। अगर आतंकवाद एक पागल कुत्ता है तो पाक उसका हैंडलर है।



### भारत का रास्ता, विश्व शांति का: कांग्रेस नेता खुर्शीद

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमारा संकल्प आतंकवाद के खिलाफ और आतंकवाद को समाप्त करने का है। 1947 में दो रास्ते थे। पहले रास्ते में हमने तय किया कि हम सब मिल कर रहेंगे। किसी और ने सिर्फ धर्म के नाम पर देश बनाया। हमने जो रास्ता चुना है वही विश्व का रास्ता है।



### आतंकियों के जनाजे में पाक सेना: सारंगी

भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे जो आतंकी संगठन टीआरएफ है, वह लश्कर ए तैयबा का छद्म संगठन है। हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी दिखाई दिए। तस्वीरें झूठ नहीं बोलती हैं।



**पुंछ में स्कूली बच्चों को दी सांत्वना**

## चिंता मत करो, सब कुछ सामान्य हो जाएगा : राहुल



एजेंसी ▶▶ पुंछ

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पाकिस्तानी गोलाबारी में अपने दो सहपाठियों को खोने वाले स्कूली छात्रों से शनिवार को यहां मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देने के साथ ''खूब पढ़ाई करने, खूब खेलने और ढेर सारे दोस्त बनाने'' के लिए प्रोत्साहित किया। पाकिस्तानी गोलाबारी में जुड़वा बच्चों, 12 वर्षीय ज़ैन अली और उरवा फातिमा की जान चली गई थी। राहुल ने दोनों बच्चों के सहपाठियों से बातचीत करते हुए कहा, ''चिंता मत करो, सब कुछ सामान्य हो जाएगा।'' इस महीने की शुरूआत में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान सीमा पार से हुई भारी गोलाबारी का सामना करने वाले पुंछ शहर के एक घंटे के तूफानी दौरे के दौरान, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने उस स्कूल के छात्रों से बातचीत की, जिसने अली और फातिमा को खो दिया। हालांकि, स्कूल को 7 से 10 मई के बीच हुई गोलाबारी में नुकसान नहीं पहुंचा, जिसमें 28 लोग मारे गए थे और 70 से अधिक घायल हो गए।

### खूब मेहनत से पढ़ाई करें

राहुल ने 'क्राइस्ट स्कूल' के छात्रों से कहा, ''आपने थोड़ा खतरा देखा है, आपने थोड़ी भयावह स्थिति देखी है। लेकिन चिंता न करें, सब कुछ सामान्य हो जाएगा। और इस समस्या से निपटने का आपका तरीका यह होना चाहिए कि आप खूब मेहनत से पढ़ाई करें, खूब खेलें और स्कूल में ढेर सारे दोस्त बनाएं। ठीक है? क्या आप ऐसा करेंगे? बढ़िया।'' स्कूल में उनकी मौजूदगी से छात्रों का उत्साह बढ़ गया और वे ताली बजाते और हाथ हिलाते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का अभिवादन करते दिखे, जिन्होंने उनसे हाथ मिलाया। वहां से रवाना होने से पहले राहुल ने कहा, ''आप सभी को ढेर सारा प्यार और शुक्रिया।' उन्होंने गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की तथा घरों और गुरुद्वारे सहित धार्मिक स्थलों को पहुंचे नुकसान का जायजा लिया।

**बड़ा सवाल...क्या फिर लेनी होगी वैक्सीन?**

## क्या कोरोना की 'नई लहर' आने वाली है? बढ़ रहे हैं संक्रमण के लगातार केस, लोगों की बढ़ी चिंता

- दिल्ली में 23 नए मामले सामने आए
- केरल फिलहाल सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कोरोना वायरस का बढ़ता संक्रमण एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ाने लगा है। हांगकांग-सिंगापुर के बाद अब भारत में भी संक्रमण के मामलों में उछाल की खबर है। अलग-अलग राज्यों से प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक यहां कोरोना फिर से एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को दिल्ली सरकार द्वारा साझा की गई जानकारियों के मुताबिक राजधानी में कोरोना के 23 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में चार, गुरुग्राम में तीन और फरीदाबाद में दो संक्रमित पाए गए हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। सरकार कोविड के वर्तमान पुष्ट मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह मरीज दिल्ली के हैं या बाहर से यात्रा कर आए हैं? देश में कोरोना की मौजूदा स्थिति पर नजर डालें तो पता चलता है कि केरल फिलहाल सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है।

### खंडवा में 6 महिलाओं की कब्र के साथ छेड़छाड़

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां दो अलग-अलग कब्रिस्तानों में छह महिलाओं की कब्रों के साथ छेड़छाड़ की गई। यह मामला तब सामने आया जब एक व्यक्ति अपनी मां की और दूसरा युवक पत्नी की कब्र पर फातिहा पढ़ने गया। पुलिस को कब्र खोदकर तांत्रिक क्रिया होने का शक है। वहीं परिजनों का कहना है, कब्र के आसपास तंत्र क्रिया से जुड़ी कोई सामग्री नहीं मिली। कब्र के अंदर पैरों तक कफन खुला मिला है। कब्रों में दफन महिलाओं के शवों के साथ कुछ गलत होने की आशंका परिजनों ने जाहिर की है।



**मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव ने कहा**

## अब दुर्गम इलाकों में ड्रोन के सहारे पहुंचाई जाएगी मछली

केंद्र सरकार की नई पहल पायलट प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा है कि अब जल्द ही ड्रोन तकनीक के जरिए दुर्गम इलाकों में मछली पहुंचाई जाएगी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने बताया कि जीवित मछलियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित और तेजी से पहुंचाने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य 70 किलोग्राम तक भार उठाने में सक्षम ड्रोन तैयार करना है।

### बंदरगाहों और मछली बाजार विकास पर जोर

सरकार की प्राथमिकता अब ग्रीन और ब्लू सस्टेनेबिलिटी सिद्धांतों से जुड़ी स्मार्ट और एकीकृत मछली पकड़ने के बंदरगाहों और आधुनिक मछली बाजारों के विकास पर है। इसके अलावा, ड्रोन तकनीक को मजबूती देने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर और सब्सिडी ढांचे को बेहतर बनाने की बात कही गई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मदद से उन्नत मत्स्य पालन तकनीक को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।



संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
**(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)**

**सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना-2025-26**

सीसीआरटी विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैराकि संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला, शिल्पकला और साहित्यिक कला के परंपरागत रूपों में ऐसे दुलर्भ कला रूपों पर विशेष जोर देते हुए जो विलुप्त होने के कगार पर है. विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने के लिए या तो मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ाई कर रहे अथवा परंपरागत प्रदर्शन कलाओं से जुड़े परिवारों के 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में (अंतिम पात्रता तिथियों के अनुसार) चयनित उत्कृष्ट प्रतिभासंपन्न बच्चों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए सास्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृति योजना लागू करता है। इस योजना के अंतर्गत प्रदान की गई छात्रवृति एक बार में दो वर्ष के लिए होती है जो शिक्षा की प्रथम विश्वविद्यालय डिपी चरण या 20 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, छात्रवृ तिधारक के संतोषजनक प्रगति बनाए रखने की शर्त के साथ प्रत्येक दो वर्ष के बाद नवीकरणीय होती है। नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्येक वर्ष 650 छात्रवृतियां प्रदान की जाती है.

| | |
|---|---|
| सामान्य श्रेणी और अन्य के लिए छात्रवृत्तियां 375 | परपरागत कलाकार परिवारों के लिए 125 छात्रवृत्तियां |
| जनजातीय संस्कृति / अनुसूचित जनजाति के लिए 100 छात्रवृत्तियां | अलग रूप से सक्षम (दिव्यांग) बच्चों के लिए 20 छात्रवृत्तियां |
| सृजनात्मक लेखन/ साहित्यिक कलाओं के लिए 30 छात्रवृतियां | |

छात्रवृत्ति का मूल्य रुपए 3600/- (रुपर तीन हजार छह सौ मात्र) प्रति वर्ष है और विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए रुपए 9000/- (रुपए नौ हजार मात्र) प्रति वर्ष तक वास्तविक शिक्षण शुल्क का भी भुगतान किया जाता है। जिन बच्चों की जन्म तिथि **01-07-2011** और **30-06-2015** (दोनों तिथियां शामिल हैं) के बीच है वे वर्ष 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। आवेदन-पत्र और अन्य ब्यौरे सीसीआरटी की वेबसाइट www.cortindia.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं या निम्नलिखित में से किसी भी पते से स्वंय डाक द्वारा मुफ्त प्राप्त किए जा सकते हैं:

| | |
|---|---|
| सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, 15 ए. सैक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली 110075, दूरभाष 011-25088638, ई-मेल-ddsch.ccrt@nic.in, वेबसाइट- www.ccrtindia.gov.in | सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 1-118/सीसीआरटी, सर्वे नं. 64. समीप गूगल ऑफिस, माधापुर, हैदराबाद 500 084, दूरभाष 040-23117050 एवं 23111910, ई-मेल-rchyd.ccrt@nic.in |
| सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, हवाला खुर्द, बड़गाँव, उदयपुर, राजस्थान-313001, दूरभाष 0294-2430764, टैलीफैक्स - 0294-2430771, ई-मेल-roud.ccrt@nic.in | सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र, 58, जूरीपार, पंजाबाड़ी रोड, गुवाहाटी 781037, असम, दूरभाष 0361-2330152, टैलीफैक्स - 0361-2335316, ई-मेल -rcawt.ccrt@nic.in |

सीसीआरटी क्षेत्रीय केन्द्र,
पुरानी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, दमोह, मध्य प्रदेश-470661
दूरभाष 07812-299187
ई-मेल-rcdamoh-ccrt@gov.in

संलग्न दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र सोमवार, 30 जून 2025 को या इससे पहले सीसीआरटी, नई दिल्ली-110075 में पहुँच जाना चाहिए। डाक में किसी भी विलंब के लिए सीसीआरटी जिम्मेदार नहीं होगा और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

CBC 09127/12/0001/2526

**राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बोले**

# 2 माह और करिए इंतजार, सभी मंदिरों में होंगे प्रभु के दीदार

अब बस दो महीने का इंतजार शेष है। इसके बाद रामजन्मभूमि के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन मिलने लगेंगे। यह जानकारी राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक दूसरे दिन नृपेंद्र मिश्र ने दी।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में शनिवार को राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक हुई। बैठक के पहले भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परकोटा में 31 मई को भोलेनाथ विराजमान होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 3 जून से अनुष्ठान शुरू होगा। 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। नृपेंद्र ने बताया कि मंदिर अब अपनी पूर्णता की ओर है। परकोटा का 90 फीसदी काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा। साल के अंत तक सभी निर्माण पूरे हो जाएंगे। हम आशावान हैं कि मंदिर का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा।



### अगले साल तक बन जाएगा संग्रहालय

मिश्र ने बताया कि संग्रहालय और सभागार का काम अभी शुरू हुआ है। इसका काम अप्रैल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। श्रद्धालु अप्रैल 2026 से संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। रामजन्मभूमि परिसर में सभी मंदिरों और अन्य स्थानों पर दो माह के अंदर श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति दे दी जाएगी।

### 31 को विराजेंगे बाबा भोलेनाथ



**मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण के दौरान आने वाली चुनौतियों पर नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि टीम वर्क ने हमें सभी चुनौतियों का समाधान दिया है।

### मंदिर न्यास ने सभी बाधाओं पर पाई विजय

नृपेंद्र ने कहा कि मैं न्यास को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने आर्थिक बाधाओं को आड़े नहीं आने दिया। इंजीनियरिंग और डिजाइन एक चुनौती थी, क्योंकि हमसे एक ऐसा मंदिर बनाने की उम्मीद थी जो अगले 1000 सालों तक किसी भी तरह की आपदा को झेल सके।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति को दी जानकारी, नई शर्तों पर करेंगे विचार

# पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के सिद्धांतों का उल्लंघन किया इसलिए भारत ने संधि को स्थगित करने का फैसला किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सिंधु जल संधि स्थगन को लेकर संसदीय समिति को जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के सिद्धांतों का उल्लंघन किया इसलिए भारत ने संधि को स्थगित करने का फैसला किया। मंत्रालय ने कहा है कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने का भारत का फैसला पाकिस्तान द्वारा समझौते को दिशा देने वाले दोस्ती और सद्भावना जैसे सिद्धांतों के उल्लंघन का स्वाभाविक नतीजा है। मंत्रालय ने समिति से कहा है कि इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियर के पिघलने सहित जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। मिसरी ने हाल ही में एक संसदीय समिति को पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित अन्य कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के बाद भारत के रुख को समझाने के लिए 33 देशों और यूरोपीय संघ का दौरा कर रहे सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से भी बात की थी।



- सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद

### खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते

*मंत्रालय ने कहा कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह सद्भावना और दोस्ती की भावना पर आधारित है। पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है। पाकिस्तान की ओर से सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद हमें संधि पर उसके प्रावधानों के अनुसार अमल करने से रोकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब जमीनी हालात पूरी तरह से बदल गए हों, तो संधि को स्थगित रखने का फैसला स्वाभाविक और भारत के अधिकार क्षेत्र में है।*

**नए सिरे से बातचीत जरूरी**

मंत्रालय ने कहा कि सिंधु जल संधि पर फिर से बातचीत किए जाने की जरूरत है, ताकि इसे 21वीं सदी के लिए उपयुक्त बनाया जा सके, क्योंकि यह 1950 और 1960 के दशक की इंजीनियरिंग तकनीकों पर आधारित है। मंत्रालय ने कहा कि अन्य प्रमुख बदलावों में जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियर का पिघलना, नदियों के पानी की मात्रा में आया बदलाव और जनसांख्यिकी शामिल हैं। इन कारकों के अलावा स्वच्छ ऊर्जा की चाह संधि के तहत अधिकारों और दायित्वों के निर्धारण पर नए सिरे से बातचीत को अनिवार्य बनाते हैं।

### यूएन में भारत की दो टूक

## तीन युद्ध थोपकर पहले ही सिंधु जल समझौते का उल्लंघन कर चुका पाक



*न्यूयॉर्क। भारत ने सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान पहले ही भारत पर तीन युद्ध थोपकर और हजारों आतंकी घटनाएं कर सिंधु जल समझौते की भावना का उल्लंघन कर चुका है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की एरिया फार्मूला बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुद्दा संघर्ष में पानी की सुरक्षा था। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने कहा कि 65 साल पहले भारत और पाकिस्तान के मध्य हुई सिंधु जल समझौता की प्रस्तावना में साफ लिखा गया है कि ये समझौता अच्छी भावना और दोस्ती के साथ किया गया, लेकिन पाकिस्तान ने बीते 65 वर्षों में इस भावना का साफ उल्लंघन किया और भारत के खिलाफ तीन युद्ध लड़े और हजारों आतंकी हमले किए। पी. हरीश ने कहा कि तकनीक बदल चुकी है और इसने बांध निर्माण के काम को भी बदल दिया है, जिससे बांधों की सुरक्षा और उनका संचालन बेहतर हुआ है। कई पुराने बांधों की सुरक्षा को खतरा है, लेकिन पाकिस्तान इन बांधों के निर्माण में किसी भी बदलाव का विरोध करता रहा है, जबकि संधि के तहत इसकी मंजूरी दी गई थी।*

## पाकिस्तान में राष्ट्रपति की बेटी के काफिले पर हमला, बाल बाल बचीं आसीफा भुट्टो, हाईवे पर मची अफरा-तफरी

**करांची से नवाबशाह की ओर जाते समय हुआ हमला, प्रदर्शनकारी थे गुस्से में**

कराची। पाकिस्तान में एक बार फिर सरकार के खिलाफ गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया, जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति और देश की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो जरदारी के काफिले पर उस समय हमला हुआ जब वह कराची से नवाबशाह की ओर जा रही थीं। आसिफा का काफिला जैसे ही जमशोरो टोल प्लाजा के पास पहुंचा, प्रदर्शनकारियों ने उसे बीच सड़क पर रोक लिया। प्रदर्शनकारी गुस्से में दिख रहे थे और उन्होंने लाठी-डंडों से आसिफा भुट्टो के काफिले की गाड़ियों पर अचानक हमला किया, जिससे कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि हमले में आसिफा भुट्टो को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई है।




### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले जयशंकर

## हमारा अभियान आतंकवाद के खिलाफ, हमें बचाव करने का हक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ बर्लिन

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जर्मन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बातचीत के दौरान कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हम आतंकवाद का जवाब दे रहे थे। हमें अपने देश और अपने लोगों का बचाव करने का हक है। उन्होंने कहा कि पहलगाम एक आतंकी हमला था, जो एक पैटर्न का हिस्सा है, जिसने न केवल जम्मू-कश्मीर बल्कि भारत के अन्य हिस्सों को भी निशाना बनाया है। इसका मकसद डर का माहौल बनाना और कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नष्ट करना था। इसका मकसद धार्मिक मतभेद पैदा करना था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हम आतंकवाद का जवाब दे रहे थे।

### परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और परमाणु धमकियों के सामने नहीं झुकेगा। उन्होंने यह बात शुक्रवार को जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कही। जयशंकर ने साफ किया कि भारत, पाकिस्तान से किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बिना, केवल द्विपक्षीय रूप से ही निपटेगा और इस पर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी तरह कायम है। हम कभी परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेंगे और पाकिस्तान से किसी भी मसले पर केवल सीधी बातचीत ही होगी।

**नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता**

## 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण इनमें 20 इनामी नक्सली भी शामिल

एजेंसी ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। यहां 24 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, इनमें 20 नक्सली ऐसे हैं जिन पर कुल 87.50 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये नक्सली अब हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला कर चुके हैं। इन माओवादियों में कई ऊंचे पदों पर रहे नेता शामिल हैं। ये सभी लंबे समय से बीजापुर, सुकमा और आसपास के इलाकों में सक्रिय थे और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। जो पीएलजीए कंपनी नंबर-2 के डिप्टी कमांडर, माड़ डिवीजन कंपनी नंबर-7 के पीपीसीएम, एलओएस कमांडर, सीएनएम अध्यक्ष हैं।

### सरकार की पुनर्वास नीति से हुए प्रभावित



*बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इन नक्सलियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। सड़क निर्माण, बिजली-पानी की सुविधा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विकास कार्यों ने नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया है। सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत सभी 24 माओवादियों को 50-50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। साथ ही उन्हें पुनर्वास, रोजगार और शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी ताकि वे सामान्य जीवन शुरू कर सकें।*

### जिले में इस साल 119 माओवादी मारे गए

बीजापुर जिले में 1 जनवरी 2025 से अब तक कुल 227 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 237 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं और 119 माओवादी मारे गए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि सरकार की नीति और सुरक्षा बलों की रणनीति नक्सलवाद के खिलाफ कारगर साबित हो रही है। एसपी डॉ. यादव ने अन्य माओवादियों से भी अपील की है कि वे आत्मसमर्पण कर सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं और हिंसा छोड़कर समाज में शांति से जीवन बिताएं।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Ex-showroom price of Super Splendor XTEC Drum Brake OBD2B & Splendor+ XTEC Drum Brake OBD2B are applicable in Haryana. ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550; Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road, Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

L&K | SAATCHI & SAATCHI